हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची • शनिवार • 11.01.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 170 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# आईटी टावर युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार का खोलेगा द्वार : मुख्यमंत्री



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने नामकुम, रांची में स्थित आईटी टावर परियोजना की प्रशंसा करते हुए कहा है कि आईटी टावर झारखंड के युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार का एक नया द्वार खोलेगा। यह राज्य को तकनीकी और औद्योगिक क्षेत्र में अग्रणी बनने में मदद करेगा। साथ ही यह अत्याधुनिक आईटी टावर ना केवल झारखंड की तकनीकी प्रगति को प्रदर्शित करता है, बल्कि राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगा।

### तकनीकी और डिजिटल व्यवसायों के लिए एक प्रमुख केंद्र

इस आईटी टावर को झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (जेआईएडीए) की देखरेख में विकसित किया गया है, जो तकनीकी और डिजिटल व्यवसायों के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में कार्य करेगा। इसकी संरचना जी+5 फ्लोर की है और क्षेत्रफल लगभग 40,000 वर्ग फीट है।

### 30 वर्ष के पट्टे का किया गया प्रावधान

जेआईएडीए रांची क्षेत्रीय कार्यालय ने नामकुम औद्योगिक क्षेत्र में स्थित अत्याधुनिक आईटी टावर के दीर्घकालिक पट्टे (30 वर्ष) के लिए प्रतिष्ठित संगठनों और योग्य आईटीआईटीईएस क्षेत्र की संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 15 फरवरी है। इस परियोजना के माध्यम से झारखंड सरकार राज्य को डिजिटल रूप से सशक्त और तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आईटी टावर ना केवल रांची, बल्कि पूरे राज्य के औद्योगिक और आर्थिक विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा।

## धनबाद हिंसा में घायल एसडीपीओ के पिता से सीएम ने वीडियो कॉल पर की बात



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने धनबाद जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में दो गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प के जांच के आदेश दिए हैं। इस घटना में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को झड़प के दौरान ड्यूटी पर तैनात बाघमारा के एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह के घायल होने की जानकारी प्राप्त होने पर उनके पिता अशोक सिंह से व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल के माध्यम से बात की। मुख्यमंत्री ने उनके इलाज से संबंधित पूरी जानकारी ली तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस घटना को लेकर राज्य सरकार आपके परिवार के पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। उनके इलाज को लेकर जो भी सहयोग की जरूरत होगी, राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी। यदि जरूरत पड़े तो एयर लिफ्ट कर के बेहतर जगह भी भेजने के लिए सरकार तैयार है। सरकार हॉस्पिटल के मैनेजमेंट से बात भी करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसी भी श्रेणी के अधिकारी और कर्मचारी की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। कर्तव्य निर्वहन के दौरान सरकारी कार्यों में बाधा पहुंचाने तथा सरकारी कर्मियों के साथ होने वाली किसी भी तरह की घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसमें जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

## तोपचांची झील जल्द बनेगा आकर्षक पर्यटन स्थल : मुख्यमंत्री

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के समक्ष अधिकारियों ने तोपचांची झील को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने संबंधित कार्ययोजना का पीपीटी प्रजेंटेशन रखा। मुख्यमंत्री ने तोपचांची लेक को विकसित किए जाने संबंधित प्रारूप के हरेक पहलुओं से अवगत हुए तथा बिंदुवार जानकारी लेते हुए अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण सुझाव एवं निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्यटन स्थल से स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध हो इसका भी ख्याल अनिवार्य रूप से रखें। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि तोपचांची झील के विकसित होने से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर सृजन होंगे। बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में पर्यटन की अपार संभावनाएं विद्यमान है। राज्य सरकार धनबाद जिला स्थित तोपचांची झील को एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने निमित्त बेहतर कार्य योजना के साथ आगे बढ़ रही है। तोपचांची लेक का पर्यावरण के अनुरूप सौंदर्यकरण कराकर एक बेहतरीन पर्यटन स्थल के रूप में पहचान देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड प्रकृति की आंचल में बसा राज्य है। यह राज्य जंगलों, पहाड़ियों और नदियों से घिरा है, इस राज्य की खूबसूरती से देश एवं दुनिया के लोग परिचित हो इस निमित्त टूरिज्म की संभावनाओं पर विशेष कार्य किया जा रहा है।

### पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने ली भाजपा की सदस्यता

# मैं मूलतः संगठन का कार्यकर्ता, कार्य करने में आता है आनंद : रघुवर दास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शुक्रवार को एक बार फिर भाजपा में शामिल हो गये। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलायी। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा और वीरों की पावन भूमि झारखंड राज्य की भूमि पर पुरानी भूमिका में लौटकर ऐसा लग रहा है कि जैसे मां के आंचल तले वापस आया हूं। राज्यपाल होना गरिमा की बात होती है लेकिन संगठन का दास होना गर्व की बात होती है। उन्होंने कहा कि आज 10 जनवरी का दिन मेरे लिए ऐतिहासिक दिन है, जहां मैं राष्ट्र की राजनीति करने वाले एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी की 1980 के बाद दूसरी बार सदस्यता ले रहा हूं।

रघुवर ने कहा कि 26 अक्टूबर, 2023 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को ओडिशा का राज्यपाल बनने से पूर्व मैंने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा सौंपा था। यह मेरे लिए भावुक पल था। आज दूसरी बार सदस्यता लेते हुए मुझे काफी हर्ष हो रहा है। इसके लिए राष्ट्रीय नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र, मोदी गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रदेश



अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत झारखंड के हमारे प्यारे कार्यकताओं के प्रति आभार प्रकट करता हूं।

रघुवर ने कहा कि वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में पूरी पार्टी ने एकजुट होकर विजय दिलाने के संकल्प के साथ दिन-रात मेहनत की। इसकी में प्रशंसा करता हूं लेकिन परिणाम हमारे अनुकूल नहीं रहे। राजनीतिक जीवन में हार-जीत लगी रहती है। जय-पराजय जीवन का हिस्सा है। हम लोगों ने वह दिन भी देखा है जब 1984 में हमारे दो सांसद थे तब विपक्षी हम दो हमारे दो बोलकर हमारी खिल्ली उड़ाते थे लेकिन जैसा आप सभी को पता है कि भाजपा का जन्म ही हुआ है राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने के लिए, ना कि सत्ता सुख भोगने के लिए। रघुवार ने कहा कि झारखंड की जनता ने जो जनादेश दिया है, मैं उसका सम्मान करता हूं। झारखंड की जनता ने गठबंधन की सरकार को राज करने का बहुमत दिया है। इंडी गठबंधन ने चुनाव में जो वादे किए थे, उसी के आधार पर उन्हें जनादेश मिला है। साथ ही जनता ने विपक्ष को भी मजबूती के साथ सरकार पर दबाव बनाने का जनादेश दिया है।

उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के हर कार्यकर्ता सरकार से अपील किया कि वह अपने वादे पूरे करें। हम कुछ महीने इंतजार करेंगे कि गठबंधन सरकार जनता से किये अपने वादों को पूरा करें। अन्यथा भाजपा जनहित के मुद्दे पर सड़क से लेकर सदन तक सरकार को वादे पूरा करने के लिए मजबूर करेंगे। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने से पहले रघुवर दास ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा और भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व. कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

### एक नजर

## भारत की अर्थव्यवस्था 6.6 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान : संयुक्त राष्ट्र

**नयी दिल्ली :** भारतीय अर्थव्यवस्था में 2025 में 6.6 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है, जिसे मुख्य रूप से मजबूत निजी खपत तथा निवेश का समर्थन मिलेगा। साथ ही, दक्षिण एशिया में आर्थिक वृद्धि इस साल मजबूत रहने की उम्मीद है, जो मुख्य रूप से भारत के 'मजबूत प्रदर्शन' से प्रेरित रहेगी। संयुक्त राष्ट्र विश्व आर्थिक स्थिति व संभावना 2025 रिपोर्ट में यह बात कही गई जिसे बुधवार को यहां जारी किया गया। इसमें कहा गया है कि दक्षिण एशिया के लिए निकट अवधि का परिदृश्य मजबूत रहने की उम्मीद है, जिसमें 2025 में 5.7 प्रतिशत और 2026 में 6.0 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है।

# रेलवे का विस अध्यक्ष को आश्वासन जल्द उपलब्ध कराया जायेगा आरटीसी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबिन्द्र नाथ महतो ने शुक्रवार को दो महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन किया। पहली बैठक में उन्होंने साउथ ईस्ट रेलवे के अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें विधानसभा के सदस्यों और पूर्व सदस्यों को दिए जाने वाले Rail Travel Coupons (RTC) की आपूर्ति में हुई देरी पर चर्चा की।

गौरतलब है कि पिछले एक वर्ष से RTC की आपूर्ति नहीं की गई थी। जिसके कारण सदस्यों को रेलवे यात्रा में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। इस पर रेलवे के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मुद्रण में विलंब हो रहा था। लेकिन आगामी 45 दिनों के भीतर Rail Travel Coupons (RTC) उपलब्ध करा दिया जाएगा। दूसरी बैठक में अध्यक्ष ने विधानसभा की वेबसाइट में आई तकनीकी समस्या को लेकर एनआईसी और जैप आईटी के अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शीघ्र इस समस्या का समाधान किया जाए। इन दोनों बैठकों में संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति रही और समाधान की दिशा में जरूरी कदम उठाने की बात की गई।

# कोयला मंत्री ने कांके में 200 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की रखी आधारशिला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री जी किशन रेड्डी ने शुक्रवार को कांके स्थित रिनपास के समीप 200 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की आधारशिला रखी। अस्पताल कार्डियोलॉजी, पल्मोनोलॉजी और न्यूरोलॉजी जैसी अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाओं से युक्त होगा। इसका उद्देश्य झारखंड और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम में रांची के सांसद एवं रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, कांके



विधायक सुरेश कुमार बैठा, पूर्व सांसद सुनील सिंह, कोयला मंत्रालय के सचिव विक्रम देव दत्त, अतिरिक्त सचिव विस्मिता तेज, कोयला मंत्री के निजी सचिव बक्की कार्तिकेयन, अतिरिक्त निजी सचिव ए वेंकटेश्वर रेड्डी, कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद, सीसीएल के सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह, सीएमपीडीआईएल के सीएमडी मनोज कुमार, सीसीएल के निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) हरीश दूहन, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार और श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि झारखंड और पूरे देश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में यह अस्पताल मील का पत्थर साबित होगा। केंद्र सरकार स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में आम जनता के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए लगातार प्रयासरत है। मंत्री ने हॉस्पिटल की महत्ता को रेखांकित करते हुए इसे क्षेत्र के नागरिकों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम करार दिया। कहा कि अस्पताल के पूर्ण हो जाने पर इसका उद्घाटन पीएम के कर कमलों से कराने का प्रयास करेंगे।

# कश्मीर में पारा माइनस 10 डिग्री के नीचे, बर्फबारी की चेतावनी




एजेंसी

**कश्मीर :** कश्मीर में इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है, विशेषकर पहलगाम में, जहां न्यूनतम तापमान -10.4 डिग्री सेल्सियस तक गिर चुका है। श्रीनगर में भी तापमान -4.4 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में मौसम के शुष्क रहने की संभावना जताई है, लेकिन ठंड में बढ़ोतरी हो सकती है। जम्मू कश्मीर के अन्य क्षेत्रों में भी तापमान सामान्य से नीचे रहा और शीतलहर के कारण ठंड में इजाफा हुआ है। गुलमर्ग और काजीगुंड जैसे पर्यटन स्थलों पर भी तापमान में गिरावट आई है, और कोहरे का प्रकोप भी जारी है। जम्मू और अन्य मैदानी क्षेत्रों में कोहरे के कारण दृश्यता में कमी आई है।

हालांकि, 10 जनवरी की देर शाम से बादल छाने लगेंगे और 11 जनवरी को जम्मू में वर्षा, जबकि उच्च पहाड़ी क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी की संभावना जताई गई है। 15-16 जनवरी को बादल छाने और बर्फबारी का अनुमान है। जम्मू में लोहड़ी और मकर संक्रांति के दौरान मौसम शुष्क रहेगा।

### ब्रेथ ईजी के वरिष्ठ चिकित्सक एस के पाठक ने एचएमपीवी वायरस के बारे में दी सलाह, कहा-

# एचएमपीवी एक श्वसन संक्रमण पैदा करने वाला वायरस है : डॉ एस के पाठक

एजेंसी

**वाराणसी :** ब्रेथ ईजी चेस्ट सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, अस्सी वाराणसी द्वारा आयोजित एक पेशेंट एजुकेशन प्रोग्राम में ब्रेथ ईजी के वरिष्ठ श्वांस, टीबी एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ डॉ एस. के पाठक ने मरीजो को (एचएमपीवी) वायरस के बारे में बताया। डॉ पाठक ने बताया- एचएमपीवी एक श्वसन संक्रमण पैदा करने वाला वायरस है। यह वायरस आमतौर पर बच्चों, वृद्धों, और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले व्यक्तियों को प्रभावित करता है। यह श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है।

डॉ पाठक आगे इसके लक्षण के बारे में बताते हैं, जोकि आमतौर पर हल्के से लेकर गंभीर तक हो सकते हैं। इसके सामान्य लक्षण-खांसी, बुखार, नाक बहना या बंद होना, गले में खराश तथा गंभीर लक्षण में सांस लेने में तकलीफ, घरघराहट, फेफड़ों में संक्रमण, ब्रोंकियोलाइटिस होते हैं। अगर आपको ऐसा कोई





लक्षण दिख रहा है, तो तुरंत चिकित्सक की सलाह ले।

डॉ पाठक आगे इसके बचाव के बारे में बताते हैं जिसमे - स्वच्छता बनाए रखना हैं, नियमित रूप से हाथ धोना हैं, खांसते या छींकते समय मुंह को ढकना हैं, बीमार व्यक्ति से दूरी बनाए रक्षण हैं, भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनना हैं, इसके अलावा प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत रखने के लिए - पौष्टिक आहार लेना हैं तथा पर्याप्त नींद और व्यायाम आवश्यक हैं।

डॉ पाठक इस विषय पर सरकार से भी कुछ अपेक्षा करते हैं, जिसमे - स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार (अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में सुविधाओं का विस्तार), जागरूकता अभियान (एचएमपीवी और अन्य वायरस के लक्षणों और बचाव के तरीकों पर जनता को शिक्षित करना), पब्लिक हेल्थ मॉनिटरिंग (वायरल संक्रमणों की निगरानी और रिपोर्टिंग को मजबूत करना), वैक्सीन अनुसंधान (एंटीवायरल दवाओं और वैक्सीन विकसित करने के लिए निवेश) मूल रूप से शामिल हैं। अंत में डॉ पाठक खानपान पर ध्यान रखने के लिए भी जो देते हुए बताते हैं जिसमे पोषक तत्वों से भरपूर आहार लेंने की सलाह दी, जिसमे डॉ पाठक ने ताजे फल और सब्जियां के साथ साथ पर्याप्त पानी पीने को कहा। डॉ पाठक ने जंक फूड और प्रोसेस्ड फूड से बहने की भी सलाह दी तथा विटामिन 'C' युक्त फलों जैसे संतरा नियमित रूप से लेने की सलाह दी।

# अलकायदा का संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची के चान्हो थाना क्षेत्र के चितरी गांव से शुक्रवार को अलकायदा के संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया गया है। स्पेशल सेल दिल्ली और एटीएस झारखंड टीम ने कांड संख्या 301/24 में आरोपी शाहबाज अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा शाहबाज अंसारी के गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह को उसे गिरफ्तार किया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। देश की खिलाफत करने और गंभीर आतंकी साजिश रचने को लेकर दिल्ली पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों और अलग-अलग राज्यों की पुलिस की मदद से वर्ष 2024 में झारखंड, दिल्ली और राजस्थान में बड़ी कार्रवाई की थी। झारखंड पुलिस के एटीएस ने अलकायदा इन इंडियन सब कॉटिनेंट के आठ संदिग्धों को गिरफ्तार किया था जबकि राजस्थान में ट्रेनिंग ले रहे छह संदिग्धों को भी गिरफ्तार किया था, जिसमें अधिकांश झारखंड के रहने वाले थे। मामले में शाहबाज अंसारी फरार चल रहा था।

इसी बीच झारखंड एटीएस और दिल्ली की स्पेशल सेल को यह सूचना मिली कि शाहबाज अंसारी अपने गांव चितरी आया हुआ है, जो रांची लोहरदगा के बॉर्डर पर स्थित है। जानकारी मिलने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में अब तक झारखंड के रांची के बरियातू से डॉ इश्तियाक अहमद, हजारीबाग से फैजान अहमद, चान्हो से मो. मोदब्बीर, मो. रिजवान, मुफ्ती रहमतुल्लाह मजहिरी, मतिउर रहमान, एनामुल अंसारी और लोहरदगा के कुडू से इलताफ अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। पिछले वर्ष गिरफ्तार संदिग्धों में रांची के एक निजी अस्पताल में कार्यरत डॉ. इश्तियाक अहमद को मास्टरमाइंड के तौर पर चिह्नित किया गया था। उस दौरान दिल्ली पुलिस ने दिल्ली में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया था। जांच में आए तथ्यों के आधार पर 23 अगस्त, 2024 को एटीएस के साथ संयुक्त टीम ने दबिश दी। सबसे पहले हजारीबाग से एटीएस की टीम ने फैजान अहमद को गिरफ्तार किया। इसके बाद दिल्ली पुलिस से मिले इनपुट के आधार पर रांची के बरियातू जोड़ा तालाब के अल हसन रेसीडेंसी में एटीएस की टीम ने दबिश दी, जहां से एटीएस की टीम ने इश्तियाक को गिरफ्तार किया था।

एक नजर

## ताजपुर में मुखिया ने गरीबों के बीच किया कंबल वितरण



**चौपारण** : प्रखंड के ताजपुर पंचायत भवन मे ताजपुर मुखिया उषा देवी ने वार्ड के असहाय एवं अत्यंत वृद्धों के बीच एक सौ तीस कम्बल का वितरण किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अभिमन्यु प्रसाद भगत ने कहा कि सरकार के तरफ से ताजपुर पंचायत को मात्र एक सौ तीस कंबल का आवटन है जिससे किसे दे या ना दे बड़ी विकट स्थित है। इस बढ़ती ठंड मे सभी जरूरतमंद ग्रामीणों को कंबल यंत्र आवश्यक है सरकार से फिर कंबल की माँग किया जाएगा। वही मौके पर उपमुखिया मंजर देवी, पंचायत सहायक बिनोद कुमार, सत्यम सिंह, संतोष चंद्रवंशी, जितेंद्र राणा, अजय पासवान सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। वही कंबल लेने वाली में कैलाश मलहोर, सुमा देवी, बिंदु देवी, मेलिमम खातून, जगरनाथ भुइयां, गांगू भुइयां, इंदो देवी मसोमात, बुजुली देवी, शांति देवी, सकरी देवी, सहोदरी देवी, मदन भुइयां, ननकू भुइयां सहित कई जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया।

## मुखिया मंजू देवी ने नवनिर्मित नाली का किया उद्घाटन

**चौपारण** : बसरिया पंचायत के ग्राम बसरिया के राणा मोहल्ला में सचित के घर से लेकर सुलेमान मियां के घर तक पक्की नाली निर्माण कार्य जिसकी लंबाई 250 फीट का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुखिया मंजु देवी ने फीता काटकर की। नाली का निर्माण 15वें वित्त आयोग मद से समपन्न किया गया है। मुखिया मंजू देवी ने बताया कि जिस स्थान में नाली का निर्माण किया गया है उक्त स्थल से लोगों को पहली बारिश से ही दिक्कत होने लगती थी और घर में पानी भी घुस जाता था। जिसे देखते हुए नाली का निर्माण किया गया। मुखिया ने कहा कि बसरिया पंचायत में तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। और आवश्यकताओं को पहली प्राथमिकता देखते हुए गल्ली में पीसीसी रोड, नाली व जलापूर्ति हेतु कार्य किए जा रहे है। मौके पर वार्ड सदस्य,ज्योति देवी, रविंद्र राणा, बालेश्वर विश्वकर्मा, उमेश राणा सहित कई लोग उपस्तिथ थे।

## विद्यार्थियों को अपार आईडी बनाना अनिवार्य : बीईईओ

**चौपारण** : प्रखण्ड के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में अध्ययनरत पहली से 12वीं तक के सभी छात्र-छात्राओं का अपार आईडी अनिवार्य रूप से बनाया जाना है। इस पर प्रखण्ड शिक्षा विभाग पूर्णरूपेण गम्भीर है और सभी निजी और सरकारी विद्यालयों को इस पर तीव्र गति से प्राथमिकता के तौर पर कार्य करने को बार-बार सूचित किया जा रहा है। पर स्कूलों को कुछ छात्र छात्राओं के आधार में त्रुटि के कारण अपार आईडी बनाने में परेशानी हो रही है। इस सम्बंध में प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राकेश सिंह ने बताया कि सभी छात्र छात्राओं का अपार आईडी बनवाना अनिवार्य है। जिस बच्चे का आधार कार्ड में त्रुटि है। उनका आधार कार्ड बीआरसी में सुधर रहा है। वैसे बच्चे बीआरसी में आकर तुरन्त सुधरवा सकते हैं। उन्होंने अभिभावकों से भी अतिशीघ्र अपने बच्चों के अपार आईडी बनाने में सहयोग करने को कहा। बीईईओ राकेश सिंह ने अपार आईडी का फायदे बताते हुए बताया कि अपार आईडी वन नेशन वन आईडी के तहत हर विद्याथीर्यो का 12 अंकों का अपना यूनिक नम्बर होगा। इसके यूनिक अंक को डालते ही विद्यार्थी का पूरा शैक्षणिक ब्योरा सामने आ जाएगा।

# डीसी कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नैंसी सहाय ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार मे कटकमसांडी थाना क्षेत्र के पेलावल निवासी मो.अब्बास ने उपायुक्त से ऑनलाइन रसीद निर्गत करने और ग्राम- कण्ड्सार के रहने वाली बबिता देवी ने केसीसी ऋण माफ करने का निवेदन किया। विष्णुगढ़ के सुनीता देवी और लालपुर सखिया के राबिया खातून ने उपायुक्त से मंईयां सम्मान योजना का लाभ देने का निवेदन किया। डांडी पोस्ट के ग्राम होसीर निवासी दिनेश महतो ने उपायुक्त से परियोजना में अधिग्रहण जमीन का सरकारी अमीन से सीमांकन करवाने का गुहार लगाया। दारू थाना क्षेत्र के राजेश कुमार साव ने उपायुक्त से समाहरणालय के रिक्त पद पर चतुर्थ श्रेणी में नियुक्ति के संबंध में आवेदन दिया। नगर निगम हजारीबाग के विवेक कुमार वाल्मीकि ने उपायुक्त को पुराना समाहरणालय में साफ सफाई करने वाले मजदूरों के लिए कार्यालय खोलने के लिए अनुमति देने के संबंध में आवेदन दिया। इचाक थाना क्षेत्र के पुनम देवी ने उपायुक्त से घर पर पेबर ब्लॉक तथा पथ निर्माण के भुगतान करने का निवेदन किया। शुक्रवार के जनता दरबार में मुख्य रूप से, रोजगार, जमीन संबंधी, जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये, जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवेदन अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## रक्तदान की तरह पुस्तक दान भी है महान कार्य : डीसी

**रामगढ़** : रामगढ़ जिले के विभिन्न स्थानों पर 39 पंचायत ज्ञान केंद्र का उद्घाटन शुक्रवार को किया गया है। पतरातू प्रखंड में डीसी चंदन कुमार और विधायक रोशन लाल चौधरी ने ज्ञान केंद्र का शुभारंभ किया। इस दौरान डीसी ने बताया कि यह ज्ञान केंद्र विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षा में सहायक होगा। इस दौरान विधायक रोशन लाल चौधरी एवं उपायुक्त चंदन कुमार ने पतरातू प्रखंड अंतर्गत पतरातू पंचायत में पंचायत ज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जिले के वरीय अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों की उपस्थिति में अन्य पंचायतों में पंचायत ज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया गया। विधायक रोशन लाल चौधरी ने पंचायत ज्ञान केंद्र के माध्यम से होने वाले फायदों के प्रति सभी को जानकारी दी। उन्होंने इसका पूरा लाभ लेने की सभी से अपील की। साथ ही उन्होंने उपस्थित सभी को अन्य लोगों को भी इसके प्रति जानकारी देने व जागरूक करने की अपील की। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि पंचायत स्तर पर पंचायत ज्ञान केंद्र की शुरूआत होना शिक्षा के क्षेत्र में एक बहुत बड़ा कदम है। अब बच्चों को अपने क्षेत्र के पंचायत में ही पुस्तकालय की सुविधा मिलेगी। मौके पर उन्होंने सभी जिले वासियों से पंचायत ज्ञान केंद्र का पूरा लाभ लेने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि रक्तदान की तरह ही पुस्तक दान भी एक महादान है।

## मां विंध्यवासिनी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में विवेकानंद जयंती का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार



**पदमा** : पदमा प्रखंड स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज आफ एजुकेशन में विवेकानंद जयंती का आयोजन 12 जनवरी से दो दिन पूर्व ही 10 जनवरी को 'राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती' तथा 'स्वावलंबी भारत अभियान' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन कर हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर अजय कुमार क्षेत्रीय संगठन, स्वदेशी जागरण मंच, उत्तर पूर्व क्षेत्र, सीताराम प्रसाद, जिला संयोजक, स्वावलंबी भारत मंच एवं प्रियांशु कुमार पूर्णकालिक सदस्य 'स्वावलंबी भारत अभियान', संस्था के संयुक्त सचिव अजीत कुमार तथा निदेशक रवि प्रकाश उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ तदुपरांत प्राचार्य डॉ चेतलाल प्रसाद के स्वागत भाषण के बाद प्रशिक्षु ने विवेकानंद जी के जीवन के विभिन्न पक्षों से संबंधित अपने विचार व्यक्त किया। मुख्य वक्ता अजय कुमार ने कहा कि आज का युवा भारत को विवेकानंद के विचारों जीवन में अपना कर स्वावलंबी एवं विकसित भारत बन सकता है। भाग लेने वाले प्रशिक्षुओं में गुनगुन कुमारी एवं प्रिया वर्मा प्रमुख रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉक्टर वीरेंद्र चौरसिया तथा प्रोफेसर सारिका मेहता ने किया जबकि मंच संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रशिक्षु सूरज कुमार ने किया।

## जनता से किया हर वादा होगा पूरा, विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने देंगे : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : सदर विधायक प्रदीप प्रसाद अपने क्षेत्र की जनता के प्रति किए गए वादों को निभाने में लगातार सक्रिय हैं। इसी क्रम में हुरहुरु क्षेत्र के गली-नली निर्माण और क्षेत्र के समग्र सुंदरीकरण के लिए नगर निगम की टीम और विधायक टीम ने एक संयुक्त निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान क्षेत्र की आवश्यकताओं का गहन अध्ययन किया गया और प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्य शुरू करने की योजना तैयार की गई। इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की जनता के प्रति हमारी जवाबदेही केवल वादों तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। हुरहुरु क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के अभाव को दूर करने के लिए हमने गली-नली निर्माण कार्य को प्राथमिकता दी है। आने वाले दिनों में यह कार्य शुरू होगा, और इसका लाभ क्षेत्र की जनता को मिलेगा। निरीक्षण के दौरान विधायक टीम और नगर निगम के अधिकारियों ने नपाई का कार्य पूरा किया। इसके साथ ही सुंदरीकरण की दिशा में भी योजनाएं बनाई गईं, जिससे क्षेत्र को साफ-सुथरा और रहने योग्य बनाया जा सके। इस मौके पर नगर निगम के अधिकारी, विधायक टीम के सदस्य सभी ने मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए अपनी सहभागिता सुनिश्चित की और क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया कि उनका भविष्य बेहतर होगा। प्रसाद ने कहा कि हजारीबाग सदर क्षेत्र में विकास कार्यों को तेज गति देने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। मेरी प्राथमिकता हर क्षेत्र में समान विकास और जनता की समस्याओं का समाधान करना है। हुरहुरु क्षेत्र का यह कार्य हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हुरहुरु क्षेत्र में गली-नली निर्माण और सुंदरीकरण कार्यों के जरिए विधायक प्रदीप प्रसाद ने जनता के प्रति अपनी ईमानदारी और संकल्प का परिचय दिया है। इन कार्यों के जल्द शुरू होने से स्थानीय निवासियों को बेहतर सुविधाएं और साफ-सुथरा माहौल मिलेगा।

## एसडीओ की पत्नी के संदिग्ध मौत मामले में भाई ने न्याय के लिए महाधरना का किया एलान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : हजारीबाग जिले के शिवपुरी कृष्णा नगर निवासी राजू कुमार गुप्ता ने अपनी बहन अनीता कुमारी के संदिग्ध मौत के खिलाफ न्याय की मांग को लेकर 13 जनवरी 2025 को महाधरना का आयोजन किया है। राजू कुमार ने कहा की यह धरना नया समाहरणालय गेट के बाहर सुबह 9:00 बजे से शुरू होगा, जिसमें न्याय की गुहार लगाने के लिए आम जनता, समाजसेवी, महिला संगठन, छात्र संघ, और राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया गया है। राजू कुमार गुप्ता का आरोप है कि 26 दिसंबर 2024 को उनकी बहन अनीता कुमारी को पूर्व एसडीओ अशोक कुमार और उनके परिजनों ने साजिश के तहत घर में जिंदा जलाकर मार दिया। ज्ञात हो की इस घटना को 14 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक प्रशासन ने किसी की गिरफ्तारी नहीं की है। राजू कुमार गुप्ता का कहना है कि उन्होंने प्रशासन को लगातार साक्ष्य और लोकेशन उपलब्ध कराए, लेकिन उनकी शिकायत को अनदेखा किया गया। यहां तक कि प्रशासनिक अधिकारियों ने फोन उठाना भी बंद कर दिया। राजू का आरोप है कि प्रशासन दोषियों को बचाने की कोशिश कर रहा है और इसीलिए अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। धरने के आयोजक राजू कुमार गुप्ता ने कहा कि हमें न्याय चाहिए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। मैं सभी सामाजिक संगठनों, मीडिया, राजनीतिक दलों, महिला मंडलों और छात्र संगठनों से अपील करता हूं कि इस संघर्ष में हमारा साथ दें। इस मामले में स्थानीय लोगों के बीच भारी आक्रोश है। कई समाजसेवी संगठनों और राजनीतिक दलों ने इस धरने को समर्थन देने की बात कही है। लोगों का मानना है कि अगर इस तरह की घटनाओं में प्रशासन उदासीन बना रहा, तो अपहाराधियों का मनोबल बढ़ेगा और महिलाओं की सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी।

## बीडीओ एवं सीओ ने निर्धन परिवार के बीच कंबल का किया वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**विष्णुगढ़** : हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चेडरा पंचायत के बिरहोर टोला के ग्राम चलांगा में प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार एवं अंचलाधिकारी नित्यानंद दास के द्वारा मुखिया निर्मल कुमार एवं पंचायत समिति सदस्य मुन्नी देवी की उपस्थिति में, पुष की ठंडी रात में दिन बृहस्पतिवार को बिरहोर परिवार के बीच 20 कंबल का वितरण किया गया। ठंड की वजह से किसी गरीब को परेशानी ना हो इसकी मध्य नजर मुखिया निर्मल कुमार के द्वारा दिन शुक्रवार को भी पंचायत भवन चेडरा में निर्धन परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मुकेश कुमार, रोजगार सेवक सुधांशु शेखर, सुशील कुमार बरला, पंचायत सहायक सुनील कुमार इत्यादि गणमान्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# विनोबा भावे विवि के छात्रों की समस्याओं को लेकर एनएसयूआई ने कुलपति से की मुलाकात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय के छात्रों की लंबित समस्याओं को लेकर शुक्रवार को एनएसयूआई के छात्र नेताओं ने कुलपति से मुलाकात की। छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए 20 प्रमुख मांगें रखी गईं, छात्र नेता अभिषेक राज ने विश्वविद्यालय प्रशासन को छात्रों की समस्याओं की अनदेखी पर आड़े हाथों लिया और कहा कि स्पेशल जेनेरिक पेपर की परीक्षा को फिर से आयोजित किया जाए और बीएड के पूर्वार्ती छात्रों के लिए विशेष मैथड पेपर की परीक्षा तुरंत कराई जाए। साथ ही पीएचडी प्रवेश परीक्षा के शीघ्र आयोजन की भी मांग की गई। बॉयज हॉस्टल और सरोजनी नायडू गर्ल्स हॉस्टल को जल्द से जल्द खोलने और बंद पड़ी बस सेवा को पुनः शुरू करने की मांग उठाई गई। कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों और अन्य शैक्षणिक सुविधाओं का उन्नयन एवं नियमित रखरखाव सुनिश्चित करने को कहा गया,छात्रों के पहचान पत्र उपलब्ध कराने और स्मार्ट आइडेंटिटी कार्ड सिस्टम लागू करने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। इसके अलावा, दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट पहनकर ही परिसर में प्रवेश को अनिवार्य बनाने की बात कही गई। विश्वविद्यालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए ठोस कदम उठाने और प्रत्येक विभाग के वाहन पार्किंग के पास सीसीटीवी कैमरे लगाने की जरूरत पर बल दिया गया। खेलकूद सुविधाओं में सुधार की मांग करते हुए कहा गया कि छात्रों के लिए खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाए। बास्केटबॉल कोर्ट को खेलने के लिए खोला जाए और फुटबॉल व क्रिकेट मैदानों की साफ-सफाई कर उन्हें खेलने योग्य बनाया जाए। अंगीभूत कॉलेजों में पीटीआई (शारीरिक प्रशिक्षण प्रशिक्षक) की नियुक्ति की भी मांग उठाई गई, ट्रायबल और रेजीनॉल लैंग्वेज में पोस्टग्रेजुएट पाठ्यक्रम शुरू करने, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर नामांकन शुल्क और रिफंड पॉलिसी की जानकारी उपलब्ध कराने और शैक्षणिक समितियों में छात्र प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग की गई। पिछले छह वर्षों से लंबित छात्र संघ चुनाव को लेकर नाराजगी व्यक्त की गई और लिंगदोह समिति के दिशानिर्देशों के अनुसार एक महीने के भीतर चुनाव कराने की मांग की गई। इसके अलावा, सभी विभागों में छात्रों के लिए 75% उपस्थिति अनिवार्य करने, आवश्यकता आधारित शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया को जल्द पूरा करने और लॉ सत्र 2024 की नामांकन प्रक्रिया शीघ्र समाप्त करने पर जोर दिया गया, अभिषेक राज ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन को इन सभी मुद्दों पर प्राथमिकता के साथ कार्रवाई करनी चाहिए।

संक्षिप्त खबरें

## एनटीपीसी आईटीआई प्रशिक्षुओं के लिए करियर काउंसलिंग का हुआ आयोजन



**बड़कागांव** : इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट (आईएसटीडी) रांची चैप्टर ने एनटीपीसी माइनिंग एंड इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एमएआईटीआई) बड़कागांव के सहयोग से एनटीपीसी आईटीआई के प्रशिक्षुओं के लिए कैंपस से कॉर्पोरेट- करियर काउंसलिंग विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षुओं को कॉर्पोरेट क्षेत्र की आवश्यकताओं और करियर निर्माण के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना था। इस दौरान विषय विशेषज्ञ प्रोफेसर (डॉ.) रमन बलभ ने प्रशिक्षुओं के सवालों के उत्तर दिए और उनके करियर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में आईएसटीडी रांची चैप्टर के सचिव एवं एनटीपीसी आईटीआई के प्राचार्य इंजीनियर मिथिलेश उपाध्याय ने प्रशिक्षुओं को संबोधित किया और उन्हें अपने कौशल विकास के लिए इस अवसर का भरपूर उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के समन्वयक मोहम्मद इरफान अंसारी और जीडीएम गर्ल्स स्कूल बड़कागांव के शिक्षकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी प्रभावी बनाया। गौरतलब है कि एनटीपीसी आईटीआई बड़कागांव वर्ष 2023 से आईएसटीडी, रांची चैप्टर का संस्थागत सदस्य है। इस साझेदारी के तहत प्रशिक्षुओं के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षुओं ने इस पहल की सराहना की और इसे अपने करियर के लिए लाभकारी बताया। आईएसटीडी और एनटीपीसी एमएआईटीआई के अधिकारियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया और प्रशिक्षुओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## वायर ह्यूमन मेटा निमो वायरस में डिस्टेंस का पालन जरूरी : डॉ. कबिवर पधान

**बड़कागांव** : कोल माइंस पकरी बरवाडीह के सीएमओ डॉक्टर कबिवर पधान ने लोगों को जागरुक करते हुए कहा की वायर ह्यूमन मेटा निमो वायरस यह सांस से संबंधित रोग है। इसे गंभीरता से लें ,डिस्टेंस का पालन जरूरी है। जिस प्रकार पिछली बार कोरोना में लोग जागरूकता दिखलाए उसी प्रकार इसमें भी दिखलाने की आवश्यकता है। यह वायरस से संबंधित रोग खासने, छिकने ,हाथ मिलाने से फैलता है। कोविड की तरह यह भी वायरस फैलता है। जिनकी प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है उन्हें इस वायरस से संक्रमित होने का डर रहता है। हमारे पकरी बरवाडीह कोल माइंस परियोजना में अभी तक एक भी मामला सामने नहीं आया है। कर्मियों को विशेष हिदायत दी जा रही है कि आप इससे बचने की लिए हेल्दी फूड खाएं, नाक को बार-बार न छुए, सोशल डिस्टेंस का पालन करें मास्क पहनने के अलावा वायरस से बचाव के लिए अन्य जरूरी सुझाव बताए जा रहे हैं। सीएसआर के तहत जो भी स्वास्थ्य कैंप गांव में लगाई जा रहे हैं, वहां वायरस से संबंधित ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है ताकि लोग सतर्कता बरते।

## बीए एलएलबी और एलएलबी प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी

**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के द्वारा बीए एलएलबी तथा एलएलबी मे नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा का परीक्षा फल तथा मेरिट लिस्ट का प्रकाशन विश्वविद्यालय के वेबसाइट में कर दिया गया है। यह जानकारी नामांकन कोषांग के नोडल पदाधिकारी डॉ इंद्रजीत कुमार ने दिया। यह प्रवेश परीक्षा 28 नवंबर 2024 को ली गई थी। इसके बाद विषय को विश्वविद्यालय के नामांकन समिति के बैठक में लाया गया था। नामांकन समिति ने किसी प्रकार के कट ऑफ निर्धारण करने के विरुद्ध प्रस्ताव लिया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की सभी सीटों के विरुद्ध सकारात्मक अंक प्राप्त आवेदकों का नामांकन मेरिट तथा रोस्टर के आधार पर लिया जाएगा। ज्ञात हो कि मुकुल नारायण देव के कुलपति रहने के समय विधि महाविद्यालय में नामांकन हेतु मनमर्जी कट ऑफ का निर्धारण किया गया था। हैरानी की बात यह थी कि उस समय के कुलपति ने यह निर्धारण नामांकन समिति के बजाय परीक्षा समिति से करवाया था। बाद के कुलपति सुमन कैथरीन किपोट्टा ने विद्वत परिषद की बैठक में इस विषय पर संज्ञान लेते हुए प्रस्ताव लिया था कि नामांकन संबंधी निर्णय नामांकन समिति में होनी चाहिए। इस कारण इस पाठ्यक्रम में अनेक स्थान रिक्त रह गए थे और विधि महाविद्यालयों को लाखों रूपों का आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा था। वर्तमान कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार पोद्दार ने स्पष्ट किया कि इस विषय पर ध्यान रखा जाए कि यह स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम है और नियम परिनियम के तहत नामांकन की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाए। नामांकन समिति के सदस्यों ने बैठक में तय किया था कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में कोई भी स्थान रिक्त रखना ना तो छात्र हित मे होगा और ना ही महाविद्यालयों के हित में।

## पांच दिवसीय अंतर जिला युवा आदान प्रदान कार्यक्रम की हुई शुरुआत

**हजारीबाग** : 10 जनवरी 2025 को नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के तत्वधान में हजारीबाग स्थित रिंग एंड रोजेस बैंक्वेट हॉल में पांच दिवसीय अंतर जिला युवा आदान प्रदान कार्यक्रम 2025 का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभ आरंभ मुख्य अतिथि प्रशांत कुमार और अभिनव भारद्वाज, ( डी० एस० पी०, झारखंड पुलिस सेवा)अतिथि स्वरूप उपस्थित हो मंच की शोभा बढ़ाते हुए युवाओं का मनोबल बढ़ाया। अतिथि के तौर पर राकेश कुमार सिंह, जिला किशोर न्याय अधिकारी व पुष्कर कुमार पुष्प, युवा कवि मौजूद रहे। कार्यक्रम संचालन अमन हेंब्रम के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग के जिला युवा अधिकारी रुद्र शेखर कर रहे है। इस कार्यक्रम में पांच दिनों तक शैक्षणिक सत्र, कार्यशाला, खेल, क्षेत्र भ्रमण जैसे कार्यक्रम होने है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मेरा युवा भारत व नेहरु युवा केंद्र हजारीबाग के कई स्वयंसेवक पूर्ण निष्ठा और सेवा भावना से कार्यरत है।

## सनातनी एकता से ही सनातन धर्म एवं संस्कृति सुरक्षित : इन्द्रदेव

**बरही** : विश्व हिंदू परिषद बरही की पड़रिया ग्राम समिति के गठन को लेकर एक बैठक पड़रिया दुर्गा मंदिर में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता खगेन्द्र प्रसाद मेहता एवं संचालन विहिप जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार ने किया। इस बैठक में सर्वसम्मति से खगेन्द्र प्रसाद मेहता अध्यक्ष, दीनानाथ प्रसाद उपाध्यक्ष, मंत्री विनोद प्रसाद, टूकलाल पासवान सह मंत्री, नारायण प्रसाद बजरंग दल संयोजक, संतोष राणा सह संयोजक, रामकिशुन प्रसाद सत्संग प्रमुख, मीना देवी मातृशक्ति प्रमुख का दायित्व दिया गया। इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिला गोरक्षा प्रमुख इन्द्रदेव गुप्ता ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद का मुख्य उद्देश्य सनातन संस्कृति, धर्म व समाज का संरक्षण व संवर्धन करना है। इसके लिए समस्त सनातन समाज को सभी प्रकार के भेदभाव को मिटाकर समरस समाज बनाकर विश्व हिन्दू परिषद को अपना परिवार मानकर इसके लक्ष्यों को साकार करना है तभी हमारी भारतीय सभ्यता, संस्कृति और सनातन परंपरा को बचाया जा सकेगा। इस अवसर पर सीताराम प्रसाद, शिवशंकर प्रसाद, मिसरलाल राणा, पूना महतो, निर्पत महतो,सुनील कुमार, उमर महतो, वीरेंद्र कुमार, रामकुमार प्रसाद, सुरेंद्र पासवान, नारायण रवानी, रोहित राणा, राहुल कुमार, अशोक पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# 15 मार्च तक चास शहरी क्षेत्र फेज टू की पेयजलापूर्ति योजना शुरू करे एजेंसी : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारा :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त विजया जाधव ने चास नगर निगम क्षेत्र में संचालित पेयजलापूर्ति योजनाओं की प्रगति कार्य की समीक्षा बैठक की। मौके पर माननीय विधायक बोकारो श्वेता सिंह, नजारत उप समाहर्ता वंदना शेजवलकर आदि उपस्थित थे। इस क्रम में उन्होंने फेज वन एवं फेज टू की प्रगति के संबंध में कार्यरत एजेंसियों एवं अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार से जानकारी प्राप्त की। बैठक में फेज वन के तहत घरों में पेयजलापूर्ति शुरू है, जबकि फेज टू के तहत लगभग 11,500 हाउस होल्ड को पेयजलापूर्ति योजना से जोड़ा जोना है, जिसका कार्य प्रगति



पर है। इस कार्य को अप्रैल 2021 में पूर्ण होना था, लेकिन कोरोना काल के कारण इसके पूरा होने का कार्य को विस्तार कर दिसंबर 2024 किया गया है। उपायुक्त ने संबंधित एजेंसी को आखिरी मौका देते हुए 15 मार्च तक हर हाल में पेयजलापूर्ति योजना को पूरा कर जलापूर्ति शुरू करने का संबंधित एजेंसी को निर्देश दिया। इसके कार्य की प्रगति का दैनिक मानीटरिंग करने का एएमसी चास को करने का निर्देश दिया। वहीं, पेयजलापूर्ति सेवा के लिए फेज वन के हाउस होल्ड के घरों में वाटर मीटर अधिष्ठापन की प्रगति की जानकारी ली। जिस पर एएमसी चास द्वारा लगभग ढ़ाई हजार हाउस होल्ड द्वारा ही अब तक मीटर कनेक्शन लिए जाने की बात कहीं गई है। उन्होंने अवैध पानी कनेक्शन पर कार्रवाई करने एवं वाटर मीटर अधिष्ठापन को लेकर विशेष शिविर/अभियान चलाने की बात कहीं।

**शहरवासी वाटर मीटर का कराएं अधिष्ठापन**

समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने शहरवासियों से पेयजलापूर्ति को लेकर वाटर मीटर अधिष्ठापन कराने को कहा। कहा कि नगर निगम द्वारा वाटर मीटर निःशुल्क दिया जा रहा है। इसके लिए शहरवासियों को गृह स्वामी का आधार कार्ड, होल्डिंग टैक्स की रशिद साथ ले जाना होगा। अगर, किन्हीं के पास होल्डिंग नंबर नहीं है, तो वह भी नगर निगम कार्यालय में अवेदन देकर होल्डिंग नंबर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने शहरवासियों से इस कार्य में दिलचस्पी लेने की बात कहीं। वहीं, अवैध पानी कनेक्शन को काटने/कार्रवाई को लेकर भी टीम गठित करने को निगम प्रशासन को निर्देश दिया।

**नियमित अभियान चलाकर अतिक्रमण हठाएं निगम प्रशासन**

समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने नगर निगम क्षेत्र की सड़कों/नालियों आदि को अतिक्रमणमुक्त कराने को लेकर गठित धावा दल को नियमित अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने निगम क्षेत्र के सड़कों पर जहां - तहां बेतरतिब पार्किंग/अवैध पार्किंग को समाप्त करने के दिशा में ठोस कार्रवाई करने को कहा।

## एक नजर

### ऑनलाइन खरीदारी करने वाले रहें सावधान

**कतरास:** यह मामला है कतरास थाना क्षेत्र के रहने वाले संतोष गिरी का हैं जो पासीटांड कॉलोनी हाउस नंबर 1163 शिव मंदिर के नजदीक मालकेरा में रहते हैं उन्होंने 55000 का मोबाइल ऑनलाइन ऑर्डर किया और ऑनलाइन पेमेंट भी किया और जब पार्सल खोल कर देखा तो उसके अंदर साबुन का टुकड़ा मिला संतोष गिरि ने कहा कि इसकी शिकायत हम कतरास थाना में करेंगे अमेजॉन कंपनी और एस्टरहके कई कम्पनियों के द्वारा इन दिनों कई लोगों को ठग रही है और लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं संतोष गिरी ने लोगों को सावधान रहने की सलाह दी है।

### लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर नहीं लग पा रहा है विराम

**बोकारो :** बताते चले की बोकारो के जरीडीह थाना क्षेत्र के जैनामोड़ में चोरों ने फिर दुकान को बनाया निशाना। बैखोफ होकर लगभग आधे घंटे तक चोरी की घटना को दिया अंजाम। चोर की करतूत सीसीटीवी में हुई कैद। बताया जा रहा है की दुकान के वेंटीलेटर से चोर घुसा और गल्ले से लगभग आठ हजार रुपए चुरा लिए। इससे पहले भी जैनामोड के इस मार्केट से दो महीने पहले तीन दुकानों से तीन लाख की हो चुकी है चोरी की घटना। जरीडीह थाना क्षेत्र के जैनामोड़ स्थित रामू सोरेन मार्केट की है घटना। अब जारीडीह थाना पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

### रोटरी करायेगा दिल में छेद वाले बच्चे का निःशुल्क इलाज

**बोकारो :** रोटरी गिफ्ट ऑफ लाइफ के तहत वैसे बच्चे जिनके दिल में छेद है उनका ऑपरेशन निशुल्क करायेगी। रोटरी क्लब चास के संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने बताया की रांची स्थित राज हॉस्पिटल में प्रत्येक बुधवार एवं गुरुवार को 1:00 बजे से 4:00 बजे तक डॉ राजेश झा द्वारा मरीज की स्क्रीनिंग की जाएगी। 4 मार्च को अंतिम मेगा स्क्रीनिंग कोच्चि के अमृता अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा की जाएगी।यह सुविधा 6 माह के बच्चे से लेकर 18 साल के बच्चे तक को मिलेगी। बैद ने बताया यह सुविधा केवल बीपीएल कार्ड एवं पीला कार्ड धारक को ही मिलेगी। कोच्चि आने-जाने का खर्चा मरीज को वहन करना पड़ेगा लेकिन ऑपरेशन पूर्णतः निशुल्क होगा। यदि मरीज चाहें तो अपने डॉक्टर के माध्यम से भी फोन पर संपर्क कर सकते हैं। मरीज और अधिक जानकारी के लिए मुकेश तनेजा से9431115673 पर संपर्क कर सकते हैं।

### ब्रह्मर्षि परिवार ने कुणाल गौतम को यूपीएससी सीडीएस में 21वां रैंक हासिल करने पर किया सम्मानित

**बोकारो :** ब्रह्मर्षि परिवार बोकारो के द्वारा यूपीएससी सीडीएस 2024 की परीक्षा में पूरे भारत में 21वां रैंक लाकर अपने शहर बोकारो के साथ-साथ अपने समाज अपने परिवार को गौरवान्वित करने वाले कुणाल गौतम पिता जयप्रकाश गौतम, पितामह अवधेश शर्मा को उनके राजेंद्र नगर स्थित आवास पर जाकर उन्हें सम्मानित किया गया साथ ही उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामना प्रदान की गई। ज्ञात हो कि कुणाल गौतम बचपन से ही मेहनती छात्र थे अब उनका प्रशिक्षण देहरादून में होगा और प्रशिक्षण उपरांत भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद को सुशोभित करेंगे। इस अवसर पर ब्राह्मर्षि परिवार के कमलेश राय, प्रेम कुमार, पीयूष राय, श्याम मनोहर सिंह, डीडी शर्मा, सुधीर कुमार, अनू रंजन शर्मा, संजय कुमार, देवनारायण सुधांशु आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## राष्ट्र के स्वावलंबन का सशक्त मार्ग है स्वदेशी : अजय चौधरी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** स्वदेशी मेला केवल मेला नहीं वरन एक आंदोलन है, राष्ट्र को स्वावलंबन बनाने का सशक्त मार्ग है स्वदेशी उपरोक्त करना है स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संपर्क प्रमुख अजय चौधरी दीपक का। वे यहां के सेक्टर चार स्थित मजदूर मैदान में चल रहे इस इस्पतांचल स्वदेशी मेला में आयोजित संस्कृत कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वदेशी के रास्ते पर चलकर ही हम राष्ट्र को स्वावलंबन की मार्ग पर अग्रसर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को आर्थिक रूप से सशक्त करने में स्वदेशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसके बिना आर्थिक और स्वावलंबी राष्ट्र की परिकल्पना बेकार है। इसके पूर्व चिन्मया विद्यालय के छात्र छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रों ने एक से बढ़कर एक कलात्मक और रचनात्मक प्रस्तुति से उपस्थित दर्शकों का खूब तालियां बटोरी। इसके उपरांत बोकारो संगीत कला अकादमी की टीम द्वारा गीत एवं संगीत संध्या का आयोजन किया गया। मालूम हो कि 10 दिवसीय इस्पातचल स्वदेशी मेला घूमने आए दर्शकों के लिए यहां प्रत्येक दिन तरह-तरह के रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। ताकि नगरवासी खरीदारी के साथ गीत संगीत का भी लुप्त उठा सके। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा, राकेश रंजन सहित अन्य महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## बोकारो में विधायक ने सोहराय पर्व पर आदिवासी समुदाय की संस्कृति को सराहा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कनारी पंचायत के बेधनाडीह ग्राम में सोहराय पर्व के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक श्वेता सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुई। श्वेता सिंह ने बताया कि प्रकृति पूजक आदिवासी समुदाय के लोगों के लिए यह पर्व आस्था की सबसे बड़ी पर्व है। दिशोम सोहराय पर्व भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है।यह प्रकृति एवं पशु-पक्षियों के प्रति श्रद्धा एवं देवी-देवताओं के प्रति विश्वास का पर्व है। सोहराय पर्व फसल काटने के बाद पूस माह में 9 जनवरी से 14 जनवरी तक हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रत्येक संथाल आदिवासी परिवार अपने संबंधियों को आमंत्रित करतें है। खास करके यह पर्व भाई बहन के पवित्र रिश्ता को भी समेटता



है। छह दिन तक चलने वाले इस पर्व में आदिवासी लोग न केवल अपने देवी देवताओं एवं इष्ट देव की पूजा करते हैं।अपितु गाय,भैंस,बैल की भी पूजा करते हैं। 6 दिन तक चलने वाली इस पर्व का प्रत्येक दिन का अपना अलग-अलग महत्व और नाम भी होता है। इस पर्व के आखरी दिन आदिवासी समुदाय के लोग सभी प्रकार की नियम निष्ठा को मनाते हुए एक जगह सभी पुरुष-महिलाएं एकत्रित होकर सांस्कृतिक नाच-गान करते हैं और सोहराय पर्व का उत्साह के साथ समापन करते हैं श्वेता सिंह ने कहा कि जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए हमसभी को एकजुट होने की जरूरत है। आज प्रकृति को संरक्षित करने में आदिवासी समाज की अहम भूमिका है। इस भौतिकवादी युग में जल,जंगल और जमीन से छेड़छाड़ हो रहा है। आदिवासी समाज हमेशा से जल-जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया है। इसलिए जरूरत है कि समाज के सभी लोग मिलजुल कर जल-जंगल-जमीन की सुरक्षा के संरक्षण के लिए आगे आएं।

## विनोद कुमार ने जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की सुनीं शिकायतें



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** शुक्रवार को अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने समाहरणालय में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतों को सुना। लोगों के आवेदनों को प्राप्त कर उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को शिकायत का निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया जनता दरबार में जमीन पर अवैध कब्जा, गांव में नाली एवं पानी की समस्या, चौकीदार की नियुक्ति से संबंधित, कोला कुसमा के आवासीय क्षेत्र में लकड़ी मिल एवं फ्लाई ऐश ब्रिक्स से हो रहे प्रदूषण से संबंधित मामले, रैयती जमीन पर जबरन अबुआ आवास से संबंधित मामले, आउटसोर्सिंग द्वारा रैयती जमीन पर जबरन कोयला का अवैध उत्खनन के संबंधित, जमीन का म्युटेशन रद्द करने से संबंधित मामले, अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के मामले, बीसीसीएल में भूमि अधिग्रहण के बदले नियोजन के मामले, कैंसर पीड़ित के इलाज से संबंधित मामले, आर्म लाइसेंस, जमीन की रजिस्ट्री, भूमि अधिग्रहण के बदले मुआवजा के मामले, सरकारी पेयजल कुंआ को नवनिर्मित मकान से तीन तरफ से घेरने के मामले, भूमि मापी के मामले, पेंशन के मामले, पारिवारिक मामले, स्वास्थ्य संबंधित मामले, रोजगार एवं शिक्षा से संबंधित मामले, जमीन से जुड़े मामले सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

## काम बंद होने से कंपनी में कार्यरत 200 मजदूर बेरोजगार हो गए हैं : महाप्रबंधक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कतरास (धनबाद):** शुक्रवार बीसीसीएल बरोरा एरिया के एएमपी कोलियरी में कार्यरत डेको आउटसोर्सिंग कंपनी के मजदूरों ने बंद डेको कंपनी को चालु करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। 1 जनवरी से नो वर्क नो पे नोटिस दिये जाने से भडके मजदूर आंदोलन पर उतर आये और आंदोलन की शुरूआत कर दिया। आंदोलनकारी मजदूरों ने चेतावनी देते हुए कहा कि काम चालू नहीं होने पर 23 जनवरी से बरोरा एरिया का अनिश्चितकालीन काम बंद किया जायेगा। इस मामले में आउटसोर्सिंग मजदूरों ने बरोरा महाप्रबंधक को पत्र देकर कहा है कि काम बंद होने से कंपनी में कार्यरत 200 मजदूर बेरोजगार हो गए हैं । वेतन भुगतान भी नहीं होने से लोगों की परेशानी बढ गयी है। आउटसोर्सिंग कंपनी बंद कर बीसीसीएल स्वयं डेको पैच में काम कर रही है। आउटसोर्सिंग



कंपनी का काम सुचारू रूप से शुरू नहीं होने पर 23 जनवरी से बरोरा एरिया का काम अनिश्चितकालीन बंद कर दिया जाएगा। कंपनी प्रबंधक अजय कुमार दुबे ने बताया कि जमीन के अभाव में काम बंद किया गया है। जमीन समस्या हल नहीं होने तक रोटेशन के आधार पर मजदूरों को कंपनी 15 दिन काम देने के लिए तैयार है मौके पर सुरेन्द्र यादव, प्रकाश यादव, विनोद ठाकुर, राजेश दास, सीताराम साव, अशोक रवानी, सुनिल गोप, किशोर गोप, सौरभ गोप, मुन्ना चौहान, भीम चौहान, नंदू चौहान, अभीषेक गोप, रविन्द्र गोप, उपेन्द्र गोप, सिकंदर साव, दिलीप कुम्हार, नंदलाल चौहान, मनोज कुम्हार आदि उपस्थित थे।

## वेदांता ईएसएल एक्सेल-30 सेंटर ने एसएससी जीडी परीक्षा में छात्रों की उपलब्धियों का मनाया जश्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** एक्सेल-30 सेंटर, ई एस एल की सीएसआर शिक्षा परियोजना प्रेरणा के तहत एक पहल है, जो ग्रामीण झारखंड में वंचित युवाओं पर एक परिवर्तनकारी प्रभाव डाला है और ये मुहिम अनवरत जारी है। बिजुलिया में जून 2021 में अपनी स्थापना के बाद से, केंद्र ने छात्रों को सरकारी प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए लक्षित मार्गदर्शन और संरचित शिक्षा के साथ सशक्त बनाया है।

2024 में एक उल्लेखनीय उपलब्धि के तहत एक्सेल-30 सेंटर के तीन छात्रों ने प्रतिष्ठित एसएससी जीडी परीक्षा उत्तीर्ण की है। ये युवा उपलब्धि प्राप्त करने वाले 20




जनवरी, 2025 को अपनी सरकारी सेवा शुरू करेंगे।

**ई एस एल एक्सेल-30 सेंटर के लिए गौरव का क्षण**

एक्सेल-30 सेंटर के एक समर्पित छात्र सोमनाथ महाता को सीमा सुरक्षा बल में शामिल होने का प्रतिष्ठित अवसर मिला है। चास ब्लॉक के रहने वाले सोमनाथ एक साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं, उनके पिता सौरेश महाता वेदांत ई एस एल में वेल्डर के रूप में काम करते हैं और उनकी माँ नमिता बाला देवी गृहिणी हैं। एक्सेल-30 सेंटर के एक अन्य छात्र शुभम तिवारी का चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में सेवा के लिए हुआ है। शुभम उसरडीह गांव के रहने वाले हैं, जहाँ उनके पिता संजय कुमार तिवारी सुपरवाइजर के रूप में काम करते हैं और उनकी माँ बेबी देवी गृहिणी हैं। एक्सेल-30 सेंटर की ही पूनम कुमारी ने सीआईएसएफ में पद हासिल किया है। वे डुमरदाह गांव से आती हैं, जहां उनके पिता धर्मदास महतो दिहाड़ी मजदूर हैं और उनकी मां कजली देवी गृहिणी हैं। इसके अलावा, छह अन्य छात्रों ने लिखित परीक्षा में सफलता प्राप्त की है, जो एक्सेल-30 सेंटर की उत्कृष्टता को और उजागर करता है। सोमनाथ, शुभम और पूनम की उपलब्धियां प्रतिभा को निखारने और युवाओं को बहुमूल्य अवसर प्रदान करने, उन्हें अपने सपने पूरे करने और स्थायी प्रभाव डालने में मदद करने के लिए वेदांता ई एस एल के समर्पण का प्रमाण हैं।

**वेदांता ई एस एल एक्सेल-30 सेंटर की कुछ प्रमुख उपलब्धियां**

अपनी शुरूआत के बाद से, वेदांता ई एस एल एक्सेल-30 सेंटर ने अपने व्यापक शैक्षिक कार्यक्रम के माध्यम से 70 छात्रों को लाभान्वित करके उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। इनमें से 65 छात्र सरकारी परीक्षाओं में शामिल हुए, जिनमें से 22 ने लिखित परीक्षा में सफलता प्राप्त की। इनमें से 8 छात्रों ने सरकारी नौकरी हासिल की, जिसमें एसएससी जीडी में 7 और अग्निवीर नेवी में 1 प्लेसमेंट शामिल है।

## संक्षिप्त खबरें

### आईजी, डीआईजी, एसएसपी ने मधुबन का किया दौरा



**धनबाद:** बाघमारा अनुमंडल के मधुबन, खरखरी, धमाबांध क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है,जगह जगह पुलिस की टीम छापेमारी कर रही है,गुरुबार को धमाबांध ओपी क्षेत्र के बाबूडीह मे हुए खूनी संघर्ष की जांच के लिए शुक्रवार को आईजी ,बोकारो क्षेत्र के डीआईजी व धनबाद के एसएसपी सहित अन्य प्रशाशनिक अधिकारियों के साथ बम निरोधक दस्ता की टीम ने कई जिंदा बम और कारतूस बरामद किये। आईजी ने कहा घटना में शामिल दोषियों के खिलाफ कड़ी कानुनी कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

### पुलिस पर हमला व क्षेत्र को अशांत करने वालों की खैर नही : रोहित



**धनबाद:** धमाबांध ओपी क्षेत्र में बमबाजी व गोली चलाने तथा पुलिस पर पथराव की घटना को लेकर जनता मजदूर संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष रोहित यादव ने कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इस तरह की घटना से क्षेत्र अशांत होती है। बाबूडीह में गुरुवार को हुई घटना से बाघमारा कोयलांचल की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है, बीसीसीएल की खरखरी कोलियरी के प्रस्तावित हिल टॉप नामक आउटसोर्सिंग कंपनी के चार दिवारी निर्माण के दौरान हुई खूनी संघर्ष मामले में छापेमारी के दौरान बाघमारा एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह बुरी तरह से घायल हो गए ।जिनका दुगार्पुर में उपचार हो रहा है,घटना के दोषियों को पुलिस छापेमारी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजने का कार्य करेंगे।

### बोकारो में दिनदहाड़े चोरी



**बोकारो :** चीरा चास स्थित अपना घर अपार्टमेंट में गुरुवार को दिनदहाड़े चोरी की बड़ी घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी। यह घटना फ्लैट नंबर जी-01 की है, जिसके मालिक कमलेश कुमार सिंह सुबह लगभग 9 बजे अपने परिवार के साथ रजरप्पा मंदिर पूजा के लिए गए थे। दोपहर 2:30 बजे जब वे लौटे, तो उन्होंने पाया कि उनके फ्लैट का मुख्य दरवाजा और सेफ्टी ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर का दृश्य भयावह था; सारा सामान बिखरा हुआ और अलमारी के लॉकर टूटे हुए थे। कमलेश कुमार सिंह, जो एक कोचिंग संस्था के संचालक हैं, उन्होंने बताया कि लगभग 12 से 15 लाख रुपये मूल्य के जेवरात और 30,000 रुपये नकद चोरी हो गए हैं। घर के दोनों कमरों में रखे अलमारियों के लॉकर तोड़कर चोरों ने कीमती सामान और नकदी पर हाथ साफ कर लिया। घटना के बाद उन्होंने 100 नंबर पर पुलिस को सूचित किया और चीरा चास थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए फॉरेंसिक टीम को बुलाया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर जांच-पड़ताल की और अहम सुराग जुटाए।

### बेहतर झारखंड ने गरीब महिला को दो माह का राशन मुहैया कराया



**बोकारो:** बेहतर झारखंड की टीम ने शुक्रवार को झोपड़ी कॉलोनी स्थित गरीब महिला पूजा देवी को 2 माह राशन मुहैया कराया। महिला के पति का कुछ दिनों पहले देहांत हो चुका था और महिला की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। वही उसके चार बच्चे हैं। झोपड़ी कॉलोनी वासियों ने बेहतर झारखंड के इस कार्य की काफी सराहना की। मौके पर समाजसेवी महिला राधा मेहता ने कहा कि बेहतर झारखंड की टीम काफी सराहनीय कार्य कर रही है। टीम ने उनके कहने पर तीन चापाकल की मरम्मत भी कराई है। आर्थिक रूप से कमजोर महिला पूजा देवी को 2 महीने का राशन देकर सराहनीय काम किया है। इस दौरान बेहतर झारखंड के संस्थापक विवेक सिंह ने कहा कि संस्था की टीम लगातार झोपड़ी कॉलोनी में महिलाओं के साथ जनसंपर्क कर उनकी समस्याओं को सुन रही है और जहां तक संभव हो सके उन समस्याओं को दूर करने में सार्थक पहल कर रही है। विवेक सिंह ने कहा कि पूजा देवी के बारे में उनकी टीम से महिलाओं ने संपर्क किया था जिसके बाद बेहतर झारखंड की ओर से महिला को राशन की व्यवस्था कराई गई है वही सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में भी बेहतर झारखंड की टीम उस महिला की मदद कर रही है। मौके पर कामेश्वर सिंह, लालबाबू सिंह, नितिन सिंह, मनजीत सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने मोमेंटो देकर किन्नरों को किया सम्मानित



**धनबाद :** देश की कोयला राजधानी झारखंड राज्य के धनबाद में किन्नरों की चल रही भव्य महाअधिवेशन का शुक्रवार को समापन के दिन धनबाद प्रेस क्लब कमिटी के महासचिव अजय प्रसाद, वरीय उपाध्यक्ष शशि भूषण राय, उपाध्यक्ष प्रतीक पोपट व शरद पांडे, सचिव संजय चौरसिया व चंदन पाल, कार्यकारिणी सदस्य विपिन रजक व शांभवी सिंह समेत क्लब के सक्रिय सदस्य आशीष सिंह, अमित सिन्हा,दिलीप दास, विजय मिश्रा समेत अन्य सदस्यों ने झारखंड प्रदेश अध्यक्ष छम छम देवी समेत अन्य राज्यों से आए किन्नरों का आशीर्वाद लिया व सम्मानपूर्वक मोमेंटो देकर उनका सम्मान व अभिवादन किया। अपने संदेश में धनबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव झा ने समाज के प्रदेश अध्यक्ष छमछम देवी एवं उनकी टीम को सफल आयोजन की बधाई दी। इस अवसर पर धनबाद प्रेस क्लब के महासचिव अजय प्रसाद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मानव समाज में किन्नर सबसे पवित्र माना जाता है। महासचिव ने कहा कि हिंदू रीति रिवाज में कीन्नरों को बहुत ही उत्तम स्थान दिया गया है एवं सबसे शुभ माना गया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किन्नर माता देवी का स्वरूप होती है शिव के उपासक होते हैं।

## एक नजर

### हिंडालको सीएसआर विभाग द्वारा टीवी मरीजों के बीच कंबल वितरण आज

**मुरी/सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार के दिन आज हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड मुरी के सीएसआर विभाग की ओर से एलुमिना क्लब में टीवी मरीजों के बीच बढ़ी हुई कड़ाके के ठंड को देखते हुए कंबल का वितरण किया जाएगा।

### डॉ. सी जगनाथन बने एसबीयू के कुलपति

**अनगड़ा :** डॉ. सी. जगनाथन को सरला बिरला विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है। उन्होंने आज विवि के एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक स्थित कुलपति कार्यालय में अपना पदभार संभाला। इस दौरान विश्वविद्यालय के अधिकारी और शिक्षकगण उपस्थित रहे। डॉ. जगनाथन ने स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई मदुरै कामराज यूनिवर्सिटी से की है। बाद में उन्होंने नीदरलैंड्स से जियोइनफॉर्मेटिक्स में मास्टर्स और फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी, देहरादून से पीएचडी की पढ़ाई की। वे इसरो में वैज्ञानिक सहायक/वैज्ञानिक पद पर कार्य करने के अलावा यूके के साउथैंपटन विश्वविद्यालय में वरिष्ठ रिसर्चर के तौर पर भी काम कर चुके हैं। अध्यापन और शोध के क्षेत्र में उनका तीन दशकों का लंबा अनुभव रहा है। इस दौरान उनके एक सौ पचास से ज्यादा रिसर्च पेपर और पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कारों से भी नवाजा जा चुका है। एसबीयू में पदभार ग्रहण करने से पूर्व वे बीआईटी, मेसरा के डिपार्टमेंट ऑफ रिमोट सेंसिंग में प्रोफेसर, एचओडी एवं डीन (रिसर्च, इनोवेशन एवं एंट्रेप्रेन्योरशिप) जैसे पदों पर रहे। देश-विदेश के कई फंडेड रिसर्च प्रोजेक्ट में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा है।

# उरईकोना गांव में पानी की किल्लत, आदिम जनजाति के लोग झरने का पानी पीने को मजबूर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चैनपुर :** सरकार के द्वारा गांव-गांव में पानी का सुविधा कर रही है। लेकिन चैनपुर अनुमंडल अंतर्गत जारी प्रखंड मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर की दूर घने जंगलों के तलहटी पर बसे उरईकोना गांव है। जहां आदिम जनजाति के लगभग 20 परिवार निवास करते हैं। आजादी के इतने साल गुजर जाने के बाद भी कोरबा समुदाय के लोग झरने का पानी पीने को बिवस है। गांव में एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत जलमिनर का निर्माण कराया गया था। लेकिन एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत गांव में लगे जल मीनार हाथी का दांत साबित हो रहा है। इस गांव के लोग सुबह होते ही पानी का व्यवस्था करने में लग जाते हैं। बूढ़े से लेकर बच्चे तक डेचकी, बाल्टी सहित अन्य बर्तनों को लेकर झरने पर जाते हैं। और पीने, नहाने व धोने के लिए पानी ढोकर अपने घर लाते हैं। गांव के ही कलेश्वर कोरवा, राजेश्वर कोरवा, सीनू कोरबा, नवासाय कोरबा, झिरो कोरबा, किसनु कोरबा। रामप्रसाद, कोरवा ने बताया कि कई बार प्रशासन से हम सभी गांव में पानी की समस्या को लेकर कितने बार बात रखी। लेकिन हमारे गांव में जल का व्यवस्था नहीं हो सका है। हम सभी गांव के ग्रामीण पानी के लिए दर-दर भटकते रहते हैं। गर्मी के दिनों में तो और भी भारी समस्या होती है। जमाना कहां से कहां चला गया। और हम कोरवा जाति के लोग आज भी झरने का पानी व चुआ का पानी ही पीते हैं। प्रशासन ठीक-ठाक तरीका से गांव में पानी का व्यवस्था कर दें। ताकि हम सभी ग्रामीणों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। यदि जल्द से जल्द पानी की व्यवस्था नहीं की जाती है तो हम सभी गांव के ग्रामीण जिला के प्रशासन के पास अपनी समस्या को लेकर जाएंगे।

## सड़क और नाली निर्माण के लिए ग्रामीणों ने सांसद के नाम बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चैनपुर :** चैनपुर विधायक पथ के सैकड़ो लोगो ने शुक्रवार को जिला महासचिव कांग्रेस पार्टी रघुनंदन प्रसाद के नेतृत्व में चैनपुर बीडीओ यादव बैठा को सांसद सुखदेव भगत के नाम ज्ञापन सौप कर चैनपुर के विधायक पथ में सड़क एवं नाली निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि विधायक पथ में नाली नहीं होने के कारण घरों का गंदा पानी सड़क पर बहता है, जिससे पूरा सड़क किचड़मय हो जाता है और जगह-जगह पर सड़क टूट गई है, जिससे गंदगी फैली हुई है। ग्रामीणों ने सांसद से आग्रह किया है कि वे विधायक पथ में नाली और सड़क का निर्माण कराने की कृपा करें, जिससे विधायक पथ स्वच्छ और सुविधाजनक हो पाए। इस पत्र में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को विस्तार से बताया है और सांसद से मदद की अपील की है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि सांसद उनकी समस्याओं को ध्यान में रखेंगे और विधायक पथ में नाली और सड़क का निर्माण कराने में मदद करेंगे। मौके पर मुख्य रूप से कौशल केशरी, रिंकू कुमार, पुष्कर भारती, बिनय केशरी, अमित कुमार, मंजू देवी, पार्वती देवी, गणेश प्रशाद, भारती सिंह, विवेक सिंह, गणेश राम, राजू राम, कुलदीप सिंह, यसोदा देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## अज्ञात व्यक्ति ने कुंदई नदी के पास फांसी लगाकर की आत्महत्या

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चैनपुर :** चैनपुर के कुंदई नदी के पास एक लगभग 45 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस मृतक की पहचान करने में जुटी हुई है और लोगों से अपील की है कि वे मृतक की पहचान कर पुलिस को सूचना दें। अहले सुबह कुछ राहगीरों ने कूदई नदी के पास एक जामुन के पेड़ में फांसी लगाकर लटके व्यक्ति को देखा, जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना चैनपुर पुलिस को दी। मौके पर पुलिस पहुंच कर शव को पेड़ से नीचे उतारकर अपने कब्जे में ले लिया। एएसआई वी. के पांडे ने बताया कि पुलिस मृतक की पहचान करने में जुटी हुई है और लोगों से अपील की है कि वे मृतक की पहचान कर पुलिस को सूचना दें।

## संक्षिप्त खबरें

### मंईयां सम्मान योजना की राशि नहीं मिलने पर पीपराटांड की महिलाएं आक्रोशित

**सरिया(गिरिडीह) :** सरिया प्रखण्ड क्षेत्र के पीपराटाँड की लगभग 20 महिलाएं शुक्रवार को प्रखण्ड कार्यालय पहुँचकर जमकर बवाल मचाई। उन आक्रोशित महिलाओं ने बताई कि मईया सम्मान योजना के तहत उनमें से कुछ महिलाओं का प्रारंभ में एक दो किश्त आया। तो किसी का एक भी किश्त नहीं आया है। यदि सरकार देती है तो हम सभी महिलाओं को दें। कुछ को वंचित करना कहीं से भी जायज नहीं है। जबकि ये सभी महिलाएं गरीब व मध्यमवर्गीय परिवार के लोग हैं। इस दौरान बीडीओ, सीओ समेत अन्य अधिकारी बैठक में व्यस्त होने के कारण उन महिलाओं से नहीं मिल पाए। जबकि प्रखंड के अन्य कर्मियों ने महिलाओं को बताया कि अभी सरवर डाऊन है इसलिए पता नहीं चल रहा है कि किस कारण से रुका हुआ है। सरवर ठीक होने पर देखकर जानकारी देने की बात कही। इस सम्बंध में भाजपा नेता फागु पंडित ने कहा कि अधिकारी अबिलम्ब गड़बड़ी को ठीक कर इन्हें मंईयां सम्मान की राशि दें। अन्यथा जोरदार आंदोलन किया जायेगा। वहीं इस बाबत प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ललित नारायण तिवारी ने बताया कि वे अधिकारियों के साथ एक बैठक में थे। जिसके कारण जानकारी नहीं हुई कि कौन महिलाएं आई थीं। हालांकि यदि किन्हीं का मईया सम्मान राशि नहीं आ रही है,तो कुछ ना कुछ त्रुटि होगा हालांकि अभी इसका सरवर डाउन है इसलिए कंफर्म नहीं बता सकतें हैं कि किस कारण से इनका रुका हुआ है। सरवर आने के बाद यदि महिलाएं आयेंगी तो जाँचकर उन्हें जानकारी दी जायेगी।

### प्रदेश पशु क्रूरता निवारण समिति की कार्य समिति की हुई बैठक

**रांची :** पशु क्रूरता निवारण समिति झारखंड प्रदेश की कार्य समिति की एक बैठक कार्यालय में समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ बैठक में राज्य में हो रहे पशु क्रूरता तथा पशु तस्करी की घटनाओं पर गहन चिंता करते हुए क्षोभ प्रकटकिया गया, बैठक में एसपीसीए के निरीक्षकों को शीघ्रपस्थापित करने का निर्णय लिया गया, बैठक में समिति के वरीय उपाध्यक्ष सेवानिवृत पुलिस उपमहानिरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा की झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायादेश दिनांक 18.12.2023 के आलोक में आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु अधिकृत किया गया है। बैठक में समिति के वरीय उपाध्यक्ष सेवानिवृत पुलिस उपमहानिरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह,सचिव डॉक्टर हरे राम सिंह,संयुक्त सचिव राम सुभग सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता तथा समिति की कोषाध्यक्ष शीला कुमारी उपस्थित रहे।


**उपायुक्त-सह- जिला दण्डाधिकारी, का कार्यालय, गुमला (पंचायत शाखा)**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा XVIII/16/ नगर परिषद, गुमला वर्ग (ख) के आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि पिछड़े वर्गो को आरक्षण दिये जाने की पात्रता के संदर्भ में प्रगणकों से प्रपत्र–01 में प्राप्त वार्ड स्तरीय सूचना तथा वार्ड स्तरीय अनुश्रवण समितियों के अनुमोदनोपरान्त प्रपत्र–01 का प्रारूप प्रकाशन दिनांक 09.01.2025 को जिला के वेबसाइट www.gumla.nic.in पर किया जाता है, साथ ही सर्वसाधारण की जानकारी के लिए नगर परिषद, गुमला के कार्यालय में दिनांक 15.01.2025 तक प्रकाशित रहेगा।

प्रकाशित प्रारूप में अन्तर्विष्ट किसी बात के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे प्रकाशन की तिथि से सात दिनों की भीतर (दिनांक 15.01.2025 तक) लिखित रूप में जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय (नगर परिषद, गुमला) में दे सकेंगे। प्रकाशन अवधि के समाप्ति के उपरांत किसी प्रकार का आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

उपायुक्त,
गुमला

PR 343988 Panchayati Raj(24-25)#D



**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING
OFFICE: General Manager (CRITL/O.E)
JUSNL Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834 002 (Jharkhand)
(E-mail: cecritl.jusnl@rediffmail.com)

**1st Time Extension Notice**

Time extension for the EOI no. 306/PR/JUSNL/2024-25 are hereby extended as mentioned below:-

| | |
|---|---|
| Name of work | Requirement of workforce for assistance of CRITL wing for CRITL's related work for 400/220/132 kV GSS under JUSNL |
| End date and time of upload of BID | 24.01.2025 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for Technical Part | 27.01.2025 at 04:30 PM |
| Submission of hard copy of technical bid | 27.01.2025 at 2 :30 PM |
| BID Opening date for Financial Part | Will be communicated |

1. Tender extension notice is also available on website : http://jharkhandtenders.gov.in
2. For any clarification please contact :- (+91-7541959265, 8987760419) during office hours.

Note: - Other Terms & Conditions will remain the same and duly available on website.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतो को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR No. 341765

Sd/-
General Manager (CRITL/O.E)
JUSNL, Ranchi

PR 344042 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (24-25)_D


## रांची के विकास का इंडेक्स खुशहाली आधारित हो : डॉ मयंक मुरारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अनगड़ा :** ट्राईबल (नेचुरल ) वे ऑफ डेवेलपमेन्ट अब समय आ गया है कि हम विकास के वैकल्पिक मार्ग पर विचार करे। जनजातीय समाज को मुख्य धारा में लाने की जरूरत नहीं है। उक्त बातें विचारक और उषा मार्टिन के महाप्रबंधक डॉ मयंक मुरारी ने कहीं। वह आज आज सीआईआई के ट्राईबल समिट में यह बात कहीं कार्यक्रम अड्रेस हाउस में आयोजित था। उन्होंने कहा कि विकास की परिभाषा को भौतिक सुख सुविधाओं के आधार पर आंकलन की स्थापित मानदंड को छोड़ना होगा। इसके बदले मानव की खुशहाली के आधार पर विकास का आंकलन हो। इसके लिए जनजातीय समाज की संस्कृति, परंपरा और जीवन को समझना होगा। समाज का विकास का मतलब है, सामाजिक प्रगति और उन्नति के वर्तमान संदर्भ को समझना। समाज का विकास एक बहु-आयामी प्रयास है। इसका मकसद लोगों के जीवन को बेहतर बनाना और उन्हें अपने जीवन पर नियंत्रण देना होता है। समाज के विकास में कई कारक योगदान देते हैं, जैसे कि तकनीकी प्रगति, राजनीतिक और आर्थिक बदलाव, सांस्कृतिक बदलाव, और व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयास। समाज के विकास के लिए, लोगों को साक्षरता, शिक्षा, अच्छा स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा, पेयजल, चिकित्सा, और स्वास्थ्य सुविधाएं मिलनी चाहिए।

## कुरुमगढ़ में नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम, पुलिस ने बरामद किया आईईडी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** कुरुमगढ़ पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। नक्सलियों ने कुटमा हरिनाखाड़ जाने वाले जंगली रास्ते में आईईडी प्लांट किया था, जिससे सर्च अभियान के दौरान पुलिस बल को नुकसान पहुंचाया जा सके। लेकिन पुलिस ने नक्सलियों के मंसूबे पर पानी फेरते हुए आईडी को बरामद कर लिया। इसके बाद पुलिस ने पूरे इलाके में सर्च अभियान चलाया और बम डिस्पोजल टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम ने आईईडी को सुरक्षित डिफ्यूज कर लिया। यह पहली बार नहीं है जब इस इलाके से पुलिस ने आईईडी बरामद की है। इससे पहले भी पुलिस ने अलग-अलग जगहों से आईईडी बरामद की थी।


**कार्यालय,कार्यपालक अभियन्ता,एन.आर.ई.पी, खूँटी**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–10 / 2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०,खूँटी
2. परिमाण विपत्र बिक्रि का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, खूँटी
3. परिमाण बिक्रि की तिथि : 17.01.2025 (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : 18.01.2025 (2.00 बजे अपराह्न तक)
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, खूँटी
6. निविदा खोलने की तिथि : 20.01.2025 (2.00 बजे अपराह्न तक)
7. निविदा खोलने की स्थान : कार्यालय एन०आर०ई०पी०, खूँटी
8. कार्य का विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि | यंत्र सयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कर्रा | उत्क्रमित उच्च विद्यालय, इच्वाकुटी में दो अदद् क्लास रूम निर्माण कार्य। | 20.79600 | 42000.00 | 5000.00 | 120 दिन | कार्य के अनुरूप |
| 2 | अड़की | मुख्य पथ से कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय, कर्रा तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य। | 8.10700 | 15000.00 | 1250.00 | 45 दिन | कार्य के अनुरूप |

नोटः– 1. निविदा से सबंधित अन्यशर्तें कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०,खूँटी के कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में भवन निर्माण एवं ग्रामिण विकास विभाग, झारखण्ड अन्तर्गत निबंधित संवेदक भाग लेगें।
3. Tender Fee, अग्रधन की राशि 2 प्रतिशत, पैन, GST Certificate, Up To date GST Return Certificate तथा निबंधन प्रमाण पत्र को स्वअभि प्रमाणित छाया प्रति अनिवार्य रूप से जमा करने पश्चात ही निविदा पत्र (BOQ) निर्गत किया जायेगा।
4. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के संचिक सं० प०नि०वि० / विविध 06–33 / 2007 (अंश–1) 2146 (5) दिनांक–09.09.2020 के अनुसार Performance Security उपलब्ध करायें।

PR 344012 NREP(24-25)D

कार्यपालक अभियंता ,एन०आर०ई०पी०, खूँटी।


## जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा समेत तीन के घर पुलिस ने चिपकाये इश्तेहार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** पलामू जिले की सतबरवा पुलिस ने शुक्रवार को लातेहार जिले में लंबे समय से फरार चल रहे नक्सली संगठन जेजेएमपी के सुप्रीमो पप्पू लोहरा समेत तीन के घर पर इश्तेहार चिपकाया। घर के अलावा सार्वजनिक जगह पर इश्तेहार लगाकर सभी को न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। उपस्थित नहीं होने पर कुर्की की कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। सतबरवा पुलिस ने बालूमाथ थाना के बालू गांव में फरार उग्रवादी लवलेश जी उर्फ लवलेश गंझू के घर इश्तेहार चिपकाया। इसमें बालूमाथ पुलिस ने भी सहयोग किया। घर एवं सार्वजनिक स्थान पर इश्तेहार लगाते हुए पुलिस ने परिजन और आम लोगों से फरार उग्रवादी को जल्द कोर्ट में सरेंडर करने का निर्देश दिया। केस के अनुसंधानकर्ता सतबरवा के थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने शुक्रवार को बताया कि एक सितंबर को सतबरवा थाना में (कांड संख्या 92/23) आर्म्स एक्ट और 17 सीएलए एक्ट के तहत दर्ज किया गया था। मामले में लवलेश जी उर्फ लवलेश गंझू के घर पर ढोल बजाकर इश्तेहार चिपकाया गया। उन्होंने बताया कि आरोपित करीब डेढ़ वर्षों से फरार चल है। वहीं दूसरी ओर लातेहार के सदर प्रखंड के कोने गांव में पप्पू लोहरा तथा गोदना गांव में शिव सिंह उर्फ शिव जी के घर भी इश्तेहार चिपकाया गया। इनके खिलाफ भी सतबरवा थाना में मामला दर्ज था। इसी तरह जेजेएमपी के ही शिव सिंह उर्फ शिव जी के घर पर भी इश्तेहार लगाया गया।

### सांसद के सौजन्य से बेड़वारी मंदिर के समीप लगा स्ट्रीट लाइट



**अनगड़ा :** बेडवारी गांव बजरंगबली मंदिर के समीप रांची सांसद संजय सेट के सौजन्य से स्ट्रेट लाईट लगाया गया ग्रामीणों ने आभार प्रकट किया कहा की मंदिर प्रांगण में लाईट लगने से मंदिर का खूबसूरती और भी अच्छा लगने लगा। मौके पर संजय सेट और पूर्व विधायक पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, राम कुमार पहान, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेश साहू, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, जिला परिषद अनुराधा मुंडा, प्रखंड अध्यक्ष सुनील महतो, राम शाय मुंडा आदि शामिल थे।

### हाथी ने महिला को किया घायल



**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत गोड़ाडीह राजाटोला निवासी उर्मिला देवी, 60 वर्ष पति सीताराम मुंडा को जंगली हाथी ने घायल कर दिया। आनन फानन में ग्रामीणों ने घायल महिला को सामुदायिक अस्पताल सिल्ली लेकर आए। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया।


**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना।**

अति अल्पकालीन ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar/ F2 - 05/2024-25(4th call)
पत्रांक–20 लातेहार / दिनांक–09.01.2025

| क0 सं0 | ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 01 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय, डुरमुण्डाटोली का चाहरदिवारी निर्माण कार्य, पंचायत– नेतरहाट, प्रखंड–महुआडाड़, जिला– लातेहार। | 8.837 | 3 माह | |
| 2 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | | 13.01.2025 | | |
| 3 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | | 20.01.2025 3.00 बजे अपराह्न तक | | |
| 4 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | | 20.01.2025 3.00 बजे अपराह्न तक | | |
| 5 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | | 22.01.2025 5.00 बजे अपराह्न | | |
| 6 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 9939182470 | | |
| 7 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | | 0651– 2214784 | | |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.343960 Water Resource(24-25):D

## एक नजर

### पटमदा मुखिया ने लाभुकों के बीच किया कंबल वितरण



**पटमदा :** शीत लहरी के कड़ाके की ठंड से लाभुकों को निजात दिलाने के लिए पटमदा पंचायत के मुखिया परमेश्वर सिंह के द्वारा पंचायत के विभिन्न गांवों के 135 लाभुको के बीच कंबल वितरण किया गया। इस दौरान मुखिया परमेश्वर सिंह,ग्राम प्रधान बाघंबर सिंह, खगेन महतो,पंचायत सचिव राजकुमार आदि उपस्थित थे।

### मानव सेवा की मिशाल बने थाना प्रभारी बरहेट



**साहिबगंज/बरहेट :** थाना प्रभारी पवन कुमार ने एक बार फिर से पब्लिक पुलिस समन्वय स्थापित करते हुए,मिशाल कायम की है। उन्होंने शुक्रवार को थाना परिसर में असहाय व जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान थाना पहुंचे दो दर्जन से अधिक असहाय महिला पुरुष के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि बढ़ते ठंड को देखते हुए सरकार जरूरतमंद व असहाय महिला, पुरुष, बुजुर्गों की सेवा में तत्पर है। इसी क्रम में गरीब व असहाय लोगों को वस्त्र दान करना पुण्य काम करने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा की बरहेट पुलिस हमेशा ही गरीबों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहती है। उनका प्रयास है कि पुलिस एवं पब्लिक के बीच समन्वय स्थापित रखना। मौके पर उन्होंने क्षेत्र के समाज सेवी से भी मदद करने की अपील की।

### जामपुर पंचायत स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**बरहरवा :** प्रखंड क्षेत्र के जामपुर पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को ग्राम पंचायत स्तरीय पंचायत समन्वय समिति की मासिक बैठक मुखिया बीटी मुर्मू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पंचायत स्तरीय सभी विभागों के पदाधिकारी व कर्मियों ने हिस्सा लिया। पंचायत सचिव धानेश प्रसाद ने ग्राम पंचायत स्तरीय समन्वय समिति की बैठक के उद्देश्य और कार्यों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। बैठक में विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका, सहिया, सरकारी विद्यालय के शिक्षक, कृषक मित्र, विद्युत मित्र, जनवितरण प्रणाली, जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया, सीएचओ एएनएम आदि अन्य विभाग के कर्मियों ने अपनी अपनी समस्या को रखा। बैठक में जो भी समस्या आया उनको रजिस्टर में अंकित कर संबंधित विभाग को समाधान के लिए रिपोर्ट बनाकर भेजा जाएगा। इस मौके पर वार्ड कोकून कर्मकार, रोजगार सेवक अमर कुमार, इसराइल खान, राजू रविदास, रामीज शेख, सत्यनारण साहा, ओपबो चकबाती, जाफरान अली, रहीम शेख सहित अन्य उपस्थित थे।

### दो दिवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**बरहरवा :** साहिबगंज जिला पशुपालन विभाग की ओर से शुक्रवार को बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के सतगच्छी पंचायत में दो दिवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कई मवेशीपालकों ने अपने मवेशियों का जाकर इलाज व टीकाकरण कराया। पशु चिकित्सकों ने मवेशी पालकों को इस कड़ाके की ठंड से मवेशियों को बचाने की सलाह दी और इसका खास ख्याल रखने को लेकर जानकारी भी दी। वही बरहेट प्रखंड के भोगनाडीह गांव में भी मवेशी के लिए शिविर का आयोजन किया गया है।

# जिलेबिया घाटी के समीप प्रवेश द्वार का कराया जाएगा निर्माण : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जिला गंगा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी समिति के सदस्यों से ली। उपायुक्त ने नमामि गंगे घाट की सौंदर्यीकरण एवं नागरिक सुविधा बढ़ावा देने को लेकर निर्देश दिये। बैठक में नमामि गंगा के तहत साहिबगंज जिला में स्थित ज़िलेबिया घाटी के समीप प्रवेश द्वारा का निर्माण करने का निर्णय लिया गया। ज़िलेबिया घाटी अपनी प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक महत्व और ऐतिहासिक पहचान के लिए प्रसिद्ध है। गेट का निर्माण पर्यटन को बढ़ावा देने और घाटी की पहचान को स्थायी रूप से स्थापित करने के उद्देश्य से किया जाना है। यह प्रवेश द्वार न केवल पर्यटकों का स्वागत करेगा, बल्कि ज़िलेबिया घाटी की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्ता को भी उजागर करेगा। इस दौरान ओझा टोली, बिजली घाट, मुक्तेश्वर घाट पर एलइडी बोर्ड लगाने के लिए निर्देश दिया गया जिससे रात के समय घाटों के नाम प्रदर्शित किया जा सके। वहीं सभी घाटों पर हाई मास्क लाईट लगाने हेतु स्थान चिन्हित करने हेतु नगर परिषद को निर्देश दिये गए। वहीं शंकुतला सहाय घाट, बिजली घाट एवं नमामि गंगे घाट पर सौन्दर्यीकरण हेतु डीपीआर तैयार कर समर्पित करने को कहा गया। उपायुक्त ने बिजली घाट, मुक्तेश्वर घाट की रखरखाव के विषय में जानकारी एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उपायुक्त ने मुनिलाल घाट पर इलेक्ट्रिक शवदाह गृह निर्माण हेतु कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद को नगर विकास विभाग को पत्राचार करने को कहा।विभिन्न पर्यटन स्थलों पर नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों, साफ-सफाई बनाए रखने, सुरक्षा दृष्टिकोण सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर साइनेज बोर्ड स्थापित करने, फ्लैक्स, बैनर लगाने तथा पर्यटन स्थलों पर डस्टबिन आदि लगाने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवल गर्ग, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, नगर प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह, जिला परियोजना पदाधिकारी नमामि गंगे अमित मिश्रा एवं जिला गंगा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## आदिवासी समुदाय की गोंड टंडी पूजा के साथ सोहराय पर्व शुरू



**साहिबगंज/कोटालपोखर :** बरहरवा प्रखंड अंतर्गत कोटालपोखर के बिजयपुर गांव में शुक्रवार को आदिवासी समुदाय की ओर से गोंड टंडी पूजा कर पांच दिवसीय सोहराय पर्व का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। गोंड टंडी पूजा के मौके पर आदिवासी वेशभूषा में महिला व पुरुष पूजा में शामिल हुए। उनके पुरोहित ने विधिवत रूप से पूजा कराई। इसमें मिस्त्री सोरेन के नेतृत्व में जांगू टुडू, महेश सोरेन ने विधिवत गोड टंडी की पूजा की। गोंड टंडी पूजा के बाद मांदर की थाप व छाल पर सामूहिक रूप से नृत्य किया। दूसरे दिन दाका, तीसरे दिन खूंटाव, चौथे दिन जाले व पांचवें दिन हाकु काटकोम का अनुष्ठान होगा। मौके पर बाबलू मरांडी, रसका टुडू, साबिल मुर्मू, नोराग हेंब्रम, सहित गांव के अन्य लोग मौजूद थे।

## छात्र-छात्राओं के साथ सांसद ने बीएसके महाविद्यालय परिसर में मनाया सोहराय पर्व

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरहरवा :** बी.एस.के. महाविद्यालय परिसर में आदिवासी संस्कृति परिषद की ओर से धूमधाम से दिसोम सोहराय पर्व का आयोजन किया गया। सोहराय पर्व के दौरान सर्वप्रथम महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं की मंडली के द्वारा विधि-विधान के साथ ईस्ट देव की पूजा अर्चना की गई। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजमहल सांसद विजय कुमार हांसदा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। सांसद ने कहा की पर्व प्राकृति और प्रेम का प्रतीक है जो आदिवासी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो इस पर्व की एक महत्वपूर्ण विशेषता है। सोहराय पर्व मुख्य रूप से संस्थाओं का प्रमुख पर्व है साथ ही साथ उन्होंने कहा की जल, जंगल, जमीन, हमारी पहचान है और उसकी रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। वही कार्यक्रम के संरक्षक बी.एस.के. महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा की सोहराय पर्व में गाय, बैल की पूजा आदिवासी समाज काफी उत्साह के साथ करते हैं। इसी तरह प्राकृति से जोड़कर हमे त्यौहार मनाने की आवश्यकता है। छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में मांदर के थाप पर नृत्य किया। लोकप्रिय युवा सांसद विजय कुमार हांसदा सहीत सभी अतिथियों ने भी छात्र-छात्राओं के साथ मंदार के थाप पर जमकर नृत्य किया। मौके पर जिला सचिव झामुमो सुरेश टुडू, मुखिया देव सोरेन, अध्यक्ष बाबुल मरांडी, रासका टुडू, पतना प्रखंड सचिव शाहबाज, नगर अध्यक्ष धर्मवीर कुमार महतो, सहित अन्य मौके पर मौजूद थे।

## मकर पर्व को लेकर उमड़ी भीड़

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कुकड़ू :** मकर संक्रांति यानी टुसू का त्यौहार झारखंड, पश्चिम बंगाल समेत सरायकेला जिला के ग्रामीण ईलाकों में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है और लोग अपनी जरूरत के हिसाब से सामग्री खरीदारी करते हैं। इधर मकर संक्रांति से पहले शुक्रवार को कुकडू साप्ताहिक हाट में लोगों की काफी भीड़ देखी गयी। जहां लोग दुकानों में गुड़, तेल, मिट्टी के बर्तन, रेडीमेड कपड़ा, जूता-चप्पल, समेत मकर संक्रांति के त्यौहार के दौरान इस्तेमाल होने वाली सामाग्री की जमकर खरीदारी की।

**मकर पर्व में गुड़ पीठा का है काफी महत्व**

मालूम हो कि झारखंड के ग्रामीण क्षेत्र में मकर पर्व ग्रामीणों के लिए महापर्व के रूप में आता है, इसको लेकर लोग एक महीना पहले से ही तैयारी में जुट जाते हैं। मकर पर्व के समय मिट्टी के बर्तन और बांस की टोकरी आदि की बहुत ज्यादा मांग होती है। मकर संक्रांति में गुड़ पीठा की भारी मांग होती है, घर-घर गुड़ पीठ बनता है। लोग इसे ही मकर की प्रमुख मिठाई में पसंद करते हैं। गुड़ पीठा बनाने के लिए मिट्टी के बर्तन की जरूरत होती है। मालूम हो कि इस वर्ष मकर पर्व 14 जनवरी 2025 को मनाई जाएगी। जहां लोग नदियों में स्नान कर दान पुण्य करेंगे।

## किसान के घर में आग लगने से ट्रैक्टर मोटरसाइकिल और मवेशी जलकर राख

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत शोभनपुर गंगा प्रसाद महादेवगंज गंगा घाट के पास एक घर में भीषण आग लग गई। जिसमें एक ट्रैक्टर, दो मोटरसाइकिल, और कई मवेशी जलकर राख हो गया। घटना शुक्रवार की सुबह लगभग 3:00 बजे की है। इधर घटना की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी पहुंचकर आग पर काबू पाया। जहां मुफस्सिल थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच कर घटना की छानबीन कर रही है। पीड़ित ब्रह्मानंद यादव ने मुफस्सिल थाना को दिए आवेदन में अपने भाई पर ही पेट्रोल छिड़क कर आग लगाने का आरोप लगाया है। उनका भाई के साथ जमीन संबंधित विवाद चल रहा है। थाना को दिए हुए आवेदन में ब्रह्मानंद यादव ने बताया है कि वह जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के सोलबंधा गांव का निवासी है। वर्तमान में शोभनपुर गंगा प्रसाद थाना मुफस्सिल क्षेत्र में घर बनाकर रहता है। शुक्रवार को उसके शोभनपुर गंगा प्रसाद वाले घर में आग लग गई। घर में आग लगने के बाद एक ट्रैक्टर, दो गाय, दो मोटरसाइकिल डिक्की में रखा हुआ 60 हजार रुपए, 3 पंप सेट, अनाज, घर में रखे 20 हजार रुपए और खाद पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। जले हुए सामानों और जानवरों की कुल कीमत लगभग 20 लाख रुपए होगी।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत नेक नागरिक से संबंधित कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के दसवें दिन सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत साहिबगंज जिले भर में नेक नागरिक के बारे में जानकारी दी गई। जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में आज नेक नागरिक के बारे में जानकारी दी गई। जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह के द्वारा बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को बिना संकोच किए मदद करें ताकि घायल व्यक्ति को दुर्घटना के एक घंटे के भीतर मदद पहुंचने पर मदद पहुंचाने वाले व्यक्ति को नेक नागरिक कहा जाता है एवं ऐसे नेक नागरिक को झारखंड गुड् समारिटन पॉलिसी 2020 के तहत सरकार द्वारा 2000 की पुरस्कृत राशि एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। जिले के सभी प्रमुख स्थानों, सरकारी कार्यालय, थाना क्षेत्र, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, टैम्पो, टोटो स्टैंड, चौक चौराहे पर नेक नागरिक का जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बस स्टैंड में वाहन चालकों, बस ड्राइवर, कंडक्टरों को भी नेक नागरिक पॉलिसी के बारे में जागरूकत किया गया। नेक नागरिक उद्देश्य सभी वाहन चालकों के बीच सड़क पर हुए सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्ति को ससमय मदद पहुंचाया जा सके एवं मृत्यु दर में कमी लाया जा सके। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के प्रति संवेदनशीलता बढ़े समाज में घायल व्यक्ति को मदद पहुंचने में कोई डर या झिझक न हो इसीलिए मदद पहुंचाने वाले व्यक्ति को पुलिस द्वारा कोई भी परेशानी नहीं किया जाएगा। साथ ही सड़क सुरक्षा नियमों का पालन एवं हेलमेट सीटबेल्ट जैसे सेफ्टी उपकरण का प्रयोग के साथ यातायात नियमों का पालन करना है। सड़क पर हो रहे सड़क दुर्घटनाओं को कम करना तथा सड़क दुर्घटना में हो रहे मृत्यु दर में कमी लाना का यह कार्यक्रम का प्रयास है। साथ ही (गुड समारिटन) नेक नागरिक का जागरूकता पम्पलेट, बुकलेट, हैंडबिल वितरण कर आम जनमानस को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित परिवहन विभाग के जिला सड़क सुरक्षा कोषांग के जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पराशर, आईटी सहायक राजहंस, सड़क सुरक्षा योद्धा ओम प्रकाश पंडित मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कृषि विभाग के चावल विकास निदेशक ने विभिन्न पंचायतों के किया दौरा



**पटमदा :** चावल विकास निदेशालय भारत सरकार के निदेशक डॉ मानसिंह के द्वारा आत्मा के द्वारा चिन्हित उन्नत ग्राम बोड़ाम के कुईयायनी बाघरा गांव के कई किसानों को सौ प्रतिशत अनुदान पर चना बीज के वितरण खाद्य एवं पोषण सुरक्षा कृषिन्नति योजना अंतर्गत वितरण किया गया था। जिसका स्थल निरीक्षण किया गया।वही बाघरा में 81 किसानों ने चना की खेती, बोटा में 116 किसानों ने मसूर की खेती 20 हेक्टेयर में किया है। इधर कोयरा गांव के दल गोविंद कुंभकार को ट्रेक्टर चलित रोटावेटर 50 प्रतिशत अनुदान पर दिया गया। इस दौरान परियोजना उप निदेशक आत्मा गीता कुमारी ,बीटीएम सुशील कुमार महतो, एटीएम चैताली दत्ता,कृषि मित्र धनंजय महतो सहित कई लोग किसान ओर लाभुक उपस्थित थे।

### जेएलकेएम ने लगाया नीमडीह में जनता दरबार, सुनी लोगों की फरियाद



**नीमडीह :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सुप्रीमो सह डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो के दिशा निर्देश से पूरे झारखंड के हर प्रखंड में जनता दरबार लगाया जाना सुनिश्चित किया गया है। जनता दरबार मोर्चा की टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को प्रत्येक सप्ताह अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अलग-अलग प्रखंड में लगाना है। इसी को लेकर शुक्रवार को नीमडीह प्रखंड कार्यालय के समीप जेएलकेएम के द्वारा जनता दरबार लगाया गया। इस जनता दरबार में ईचागढ़ सीट से विधानसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी सह संगठन के केंद्रीय उपाध्यक्ष तरुण महतो जनता की विभिन्न समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान तीन जमीन से जुड़े समस्याओं का समाधान भी नीमडीह सीओ से मिलकर किया गया। इस जनता दरबार में केंद्रीय संगठन महासचिव फुलचांद महतो, जेएलकेएम युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश कुमार महतो, जिला प्रवक्ता ललित महतो, नीमडीह प्रखंड अध्यक्ष चिरंजीत महतो, बासुदेव महतो आदि उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार लगाकर आमजनों की सुनीं समस्याएं



**साहिबगंज :** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती ने जनता दरबार लगाकर आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही उनके सामाधान को लेकर उन्हें आश्वस्त कराया। संज्ञान में आए हुए शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही। गौरतलब है कि जनता दरबार के दौरान शिकायत के रूप में आए आवेदन विभिन्न विभागों व योजना से संबंधित रहे। जनता दरबार में शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को उनका समाधान करने को लेकर निर्देशित किया। सभी आवेदनों की भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें।

### विश्वविद्यालय स्थापना दिवस पर मॉडल कॉलेज में प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**साहिबगंज/राजमहल :** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के 34वें स्थापना दिवस पर मॉडल कॉलेज में प्राचार्य डॉ रंजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को छात्रों के बीच गोली चम्मच, सुई धागा, म्यूजिकल चेयर, क्रिकेट मैच, विमर्श गोष्ठि आदि विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर गोली चम्मच प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार संजू कुमारी द्वितीय पुरस्कार नेहा कुमारी, तृतीय पुरस्कार नूपुर सेन, म्यूजिकल चेयर में प्रथम पुरस्कार रिमी, द्वितीय पुरस्कार दीपिका कुमारी, तृतीय पुरस्कार नूपुर सेन, सुई धागा प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार नेहा कुमारी, द्वितीय पुरस्कार संजू कुमारी, तृतीय पुरस्कार नवनीत कुशवाहा को प्राप्त हुआ। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक गण एवं सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं व अन्य उपस्थित थे।
रैयत मजदूर की त्रिपक्षीय वार्ता के बाद आंदोलन स्थगित

### परिश्रम और संघर्ष ही कामयाबी का एकमात्र विकल्प : राजीव

**बोकारो :** खेल हमें संघर्ष, अनुशासन और टीम के साथ मिलकर काम करने की कला सिखाता है। हमारे पूरे जीवन में ये बातें बेहद जरूरी हैं। बिना संघर्ष के सफलता असंभव है। इसलिए, मेहनत से कभी न घबराएं। जितना पसीना बहाएंगे, उतनी ही कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ सकेंगे। उक्त बातें बोकारो से निकले भारतीय बास्केटबॉल टीम के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं वायुसेना अधिकारी राजीव कुमार ने शुक्रवार को डीपीएस बोकारो की मेजबानी में डॉ. राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के तत्वावधान में आयोजित अंतर विद्यालय बास्केटबॉल टूनामेंट के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कहीं। विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कृत करते हुए उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त कीं। अंडर- 19 आयुवर्ग की इस प्रतियोगिता में सहोदया-संबद्ध 10 विभिन्न विद्यालयों की 17 टीमों ने भाग लिया। बालक वर्ग में 10 एवं बालिकाओं में 7 स्कूलों की टीमें शामिल हुईं और 200 से अधिक खिलाड़ियों ने बास्केटबॉल कोर्ट में जमकर अपने दमखम दिखाए।

# योगी बोले: महाकुंभ में मुसलमान आएं, लेकिन शर्त है...

## किसी ने गड़बड़ी की तो डेंटिंग-पेंटिंग करेंगे, इतिहास उठाकर देखिए 'बंटे तो कटे थे'







**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुंभ में मुसलमानों की एंट्री को लेकर सीएम योगी ने बड़ा बयान दिया। कहा- जिस किसी को भी भारत की सनातन परंपरा में विश्वास है, वह मुसलमान यहां आएं, उनका स्वागत है, लेकिन गलत मानसिकता के साथ जो लोग आएंगे, उनकी डेंटिंग-पेंटिंग की भी व्यवस्था की गई है। योगी ने यह बातें शुक्रवार को एक निजी चैनल को दिए इंटरव्यू में कही। सीएम महाकुंभ की तैयारियों का जायजा लेने के लिए प्रयागराज के दो दिवसीय दौरे पर हैं। कुंभ में ऐसे ही लोगों का स्वागत है, जो अपने को भारतीय मानते हों। सनातन परंपरा में श्रद्धा रखते हैं। जिन्हें ऐसा लगता है कि भूतकाल में किसी दबाव में आकर उनके पूर्वजों ने इस्लाम स्वीकार किया था, लेकिन वे सनातनी हैं। जो मुसलमान अपने गोत्र को भारत के ऋषियों के नाम से जोड़कर देखते हैं। ऐसे लोग प्रयागराज आएं। यहां आकर परंपरागत तरीके से संगम में स्नान करें। ऐसे लोगों के आने में कोई समस्या नहीं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में आकाशवाणी के एफएम रेडियो चैनल 'कुंभवाणी' का शुभारंभ किया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि महाकुंभ सनातन के गौरव का महाकुंभ है, जो लोग लोगों को जातियों में बांटना चाहते हैं, उन्हें देखना चाहिए कि कुंभ से जाति का भेद मिट जाता है। दुनिया भर से लोग यहां आ रहे हैं, प्रसार भारती ने न केवल महाकुंभ कार्यक्रम को पूरे दिन प्रसारित करने की तैयारी की है, बल्कि दूरदराज के इलाकों में भी धार्मिक उद्धरण दिए जाएंगे, इससे लोगों की आस्था बढ़ेगी। 10 जनवरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को सर्किट हाउस में महाकुंभ के अवसर पर प्रसार भारती के एफएम चैनल कुंभवाणी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने एफएम चैनल के सफल होने की आकांक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा विश्वास है कि यह एफएम चैनल न सिर्फ लोकप्रियता की नई ऊंचाई हासिल करेगा, बल्कि महाकुंभ को दूरदराज के उन गांवों तक भी ले जाएगा जहां लोग चाहकर भी यहां नहीं पहुंच पाते हैं। उन लोगों तक इन सुविधाओं के माध्यम से हम महाकुंभ की हर जानकारी पहुंचाएंगे। सीएम योगी ने कहा कि दूर दराज में रहने वालों के लिए इस तरह का सजीव प्रसारण कर पाएंगे तो उनको भी सनातन गौरव के इस महासमागम को जानने, सुनने और आने वाली पीढ़ी को बताने का अवसर प्राप्त होगा। सीएम ने कुंभवाणी चैनल शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सूचना प्रसारण मंत्रालय व प्रसार भारती को भी धन्यवाद दिया। सीएम योगी ने कहा कि वास्तव में लोक परंपरा और लोक संस्कृति को आम जन तक पहुंचाने के लिए हमारे पास जो सबसे पहले माध्यम था वो आकाशवाणी ही था। मुझे याद है कि बचपन में हम आकाशवाणी के माध्यम से उस समय प्रसारित होने वाले रामचरित मानस की पंक्तियों को बड़े ध्यान से सुना करते थे। समय के अनुरूप तकनीक बढ़ी और लोगों ने विजुअल माध्यम से भी दूरदर्शन के माध्यम से सचित्र उन दृश्यों को देखना प्रारंभ किया। बाद में निजी क्षेत्र के भी कई चैनल आए, लेकिन समय की इस प्रतिस्पर्द्धा के अनुरूप खुद को तैयार करना और दूरदराज के क्षेत्रों में जहां पर कनेक्टिविटी के इश्यू होते हैं वहां पर बहुत सारी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए प्रसार भारती के एफएम चैनल ने 2013, 2019 और अब 2025 में भी कुम्भवाणी के नाम पर इस विशेष एफएम चैनल को शुरू करने की कार्यवाही प्रारंभ की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ केवल एक आयोजन नहीं है, बल्कि सनातन गौरव और गर्व का एक महाआयोजन है, एक महासमागम है। जिसको सनातन धर्म के गौरव और गरिमा को देखना हो तो वो कुंभ का दर्शन करें, यहां आकर अवलोकन करे। जो लोग एक संकीर्ण दृष्टि से सनातन धर्म को देखते हैं, सांप्रदायिक मतभेद, भेदभाव या छुआछूत के नाम पर लोगों को बांटने का काम करते हैं उन लोगों को आकर देखना चाहिए कि यहां पर न पंथ का भेद है, न जाति का भेद है, न छुआछूत है, न कोई लिंग का भेद है। सभी पंथ और संप्रदाय एक साथ एक ही जगह स्नान करते हैं। सभी लोग एक जगह आकर आस्था की डुबकी लगाकर सनातन गर्व के संदेश को पूरे देश और दुनिया तक लेकर जाते हैं। यह एक आध्यात्मिक संदेश है। इस अवसर पर पूरी दुनिया यहां पर एक घोंसले के रूप में देखने को मिलती है। सीएम योगी ने कहा कि दुनिया के बहुत सारे लोगों का यहां पर आगमन शुरू हो चुका है। वो आस्था की डुबकी लगाकर आध्यात्म की गहराइयों को समझने का प्रयास करना चाहते हैं। यह अद्भुत क्षण है और इस अद्भुत क्षण को प्रसार भारती ने कुंभवाणी के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। पूरे दिन भर के कुंभ के कार्यक्रमों को न सिर्फ आंखों देखा हाल के माध्यम से बल्कि महाकुंभ के आयोजन के साथ जुड़े हुए हमारे धार्मिक उद्धरणों को भी दूर दराज के गांवों में प्रसारित करने का काम कुंभवाणी करेगा। जब भी हम सनातन धर्म के इस गौरव को पूरी ईमानदारी के साथ आगे बढ़ाएंगे तो यह मानकर चलिए कि आमजन के मन में इसके प्रति सच्ची श्रद्धा का भाव होगा। उन्होंने कहा कि जब कोविड महामारी आई थी और लॉकडाउन प्रारंभ हुआ था तब जैसे ही दूरदर्शन ने रामायण सीरियल दिखाना प्रारंभ किया तो दूरदर्शन की टीआरपी बढ़ गई थी। आज तो एफएम चैनल युवाओं के बीच बहुत लोकप्रिय है। निश्चित रूप से इसका लाभ प्रसार भारती को प्राप्त होगा। इस अवसर पर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री डॉ एल मुरुगन ने सीएम योगी का आभार जताया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक,जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, ओमप्रकाश राजभर, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रसार भारती बोर्ड के अध्यक्ष नवनीत सहगल उपस्थित रहे। महाकुंभ से जुड़ी सभी तरह की जानकारियों के लिए प्रसार भारती ने ओटीटी बेस्ड कुंभवाणी एफएम चैनल की शुरूआत की है। यह चैनल 103.5 मेगाहर्ट्ज फ्रीक्वेंसी पर प्रसारित होगा। यह चैनल 10 जनवरी से 26 फरवरी तक ऑन एयर रहेगा। इसका प्रसारण प्रातः 5.55 बजे से रात्रि 10.05 तक इसका प्रसारण होगा।

## केश्वर इंटर कालेज में सड़क सुरक्षा की दिलाई गई शपथ



संवाददाता

**कुशीनगर।** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत नगरपालिका परिषद कुशीनगर अतर्गत बनवारी टोला स्थित केश्वर इंटरमीडिएट कालेज के परिसर में छात्र - छात्राओं को सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ दिलाई गई। शुक्रवार को विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभलभारंम्भ प्रधानाचार्य पुरन्दर प्रताप यादव ने माता सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया। प्रधानाचार्य श्री यादव ने कहा कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा कामंत्र है। सड़क पर सावधानी से चलें और सड़क पार करते समय दोनों ओर देख लें। जब कोई वाहन न आ रहा हो तब पार करें। जानकारी लें और लोगों को भी सड़क सुरक्षा की जानकारी दें। सभी को शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान देवेंद्र प्रताप यादव, कन्हैया वर्मा, अमरजीत यादव, कमलेश भारती, जय सिंह प्रसाद, अम्बालिका, शशिमा पटेल, मुन्नी देवी सहित बच्चे मौजूद रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष के लिए 50 और प्रान्तीय परिषद के लिए 18 दावेदार

संवाददाता

**कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी संगठन महपर्व के तहत कुशीनगर में बूथ से लेकर मंडल अध्यक्ष तक की चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद शुक्रवार को भाजपा कुशीनगर जिलाध्यक्ष और प्रान्तीय परिषद के लिए नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। रविन्द्र नगर स्थित पार्टी कार्यालय में जिला चुनाव अधिकारी डॉ रंजन शर्मा व संगठन चुनाव पर्यवेक्षक पूर्व सांसद लल्लू सिंह की मौजूदगी व देखरेख में नामांकन प्रक्रिया कराई गई। भाजपा में इस बार जिलाध्यक्ष बनने के लिए चार दर्जन से अधिक दावेदारों ने पर्चा भरा है। जिलाध्यक्ष के लिए 50 और प्रान्तीय परिषद के लिए 18 लोग कतार में हैं। वर्तमान जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय भी एक बार फिर दावेदार हैं। उनके अलावा 7 अन्य वर्तमान जिला



पदाधिकारी व कई पूर्व पदाधिकारी भी जिलाध्यक्ष बनने दावेदारी पेश किए हैं। दावेदारों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। इनमें एक महिला मोर्चा की वर्तमान जिलाध्यक्ष भी हैं। जिला चुनाव अधिकारी डॉ रंजन शर्मा ने बताया कि प्रदेश संगठन के निर्देश व नियमानुसार नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। काफी सौहार्दपूर्ण और शान्ति पूर्ण वातावरण में भाजपा के वर्तमान जिलाध्यक्ष के अलावा पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने अध्यक्ष पद हेतु नामांकन किया। बताया कि वर्तमान जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, किसान मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम पाण्डेय, जिला महामंत्री सन्तोष दत्त राय,सुदर्शन पाल, जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी,विजय शुक्ला, अवधेश सिंह,मनोज जायसवाल, जिला मंत्री रामसागर कुशवाहा, बलिराम यादव, पूर्व जिला महामंत्री मार्कण्डेय शाही,जय प्रकाश उपाध्याय, व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक ओपी मिश्र, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रभा पाण्डेय सहित 50 लोगों ने जिलाध्यक्ष के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया है। इस अवसर पर राज्य सभा सांसद आर पी एन सिंह, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी डॉ बच्चा पाण्डेय नवीन, पडरौना विधायक मनीष जायसवाल, खड्डा विधायक विवेकानंद पाण्डेय, हाटा विधायक मोहन वर्मा, रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड, फाजिलनगर विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, तमकुही राज विधायक डॉ असीम राय, पूर्व जिलाध्यक्ष नन्द किशोर मिश्र, जगदम्बा सिंह, अखिलेश मिश्र, लल्लन मिश्र सहित सैंकड़ों की संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 'सिक्कों की कहानी छायाचित्रों की जुबानी' विषयक प्रदर्शनी आयोजित

संवाददाता

**कुशीनगर।** राजकीय बौद्ध संग्रहालय, कुशीनगर द्वारा शुक्रवार को ऽसिक्कों की कहानी छायाचित्रों की जुबानीऽ विषयक छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्राध्यापक, वाणीज्य संकाय, बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर डा0 श्वेता भट्ट ने किया। प्रदर्शनी में सिक्कों की उत्पत्ति, निर्माण के विधिक तरीके, टूल-डाइ, तकनीक, स्क्रू, प्रेस, तकनीक, भाप चलित मशीनों से निर्माण व



आधुनिक टकसालों में निर्माण की तकनीक को चित्रों के माध्यम से दशार्या गया है। प्रदर्शनी में भारत के प्राचीनतम आहत सिक्के, विभिन्न जनपदों के सिक्के, भारतीय यवन सिक्के कुषाण एवं गुप्त राजाओं के सोने चांदी एवं तांबे के सिक्के के अतिरिक्त सात वाहन के सिक्के मध्यकालीन सिक्के आधुनिक सिक्कों की श्रृंखला मेडल आदि की छायाचित्र प्रदर्शित है।अतिथियों का स्वागत एवं आभार संग्रहालय के वरिष्ठ सहायक तेज प्रताप शुक्ला ने किया। कार्यक्रम का संचालन तरुण शुक्ला ने किया। इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय, पश्चिमी चंपारण बिहार के छात्र व संग्रहालय के धीरेंद्र मिश्रा, मिर्जा नसीरुद्दीन बेग, आदि उपस्थित रहे। प्रदर्शनी 20 जनवरी, 2025 तक प्रत्येक कार्य दिवसों में जनसामान्य के अवलोकनार्थ हेतु जारी रहेगी।

## हमीरपुर सदर कोतवाली पुलिस ने जिला बदर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

संवाददाता

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की सदर कोतवाली पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत सदर कोतवाली क्षेत्र के रमेडी निवासी जिलाबदर अपराधी अंकित तिवारी उर्फ श्रृषभ



तिवारी पुत्र संजय तिवारी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। सदर कोतवाली पुलिस ने पकड़े गये अपराधी के खिलाफ मु०अ०सं० 05/2025 धारा 10 यू०पी० गुंडा नियंत्रण एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अदालत में पेश किया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में खासतौर से एस आई वरुण कुमार, हेड कांस्टेबल भोला सिंह, कांस्टेबल आशुतोष दुबे सहित कांस्टेबल इखलाक शामिल रहे।

## ग्राम चैती खास में बसंत कालीन गन्ना गोष्ठी आयोजित

संवाददाता

**कुशीनगर।** गन्ने की उत्पादकता एवं चीनी परता में वृद्धि करने तथा गन्ना विकास के लिए उत्तर प्रदेश शासन व चीनी मिल द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं को प्रशिक्षण के माध्यम से जानकारी देने तथा गन्ने की वैज्ञानिक खेती , पेड़ी प्रबंधन, सहफसली खेती आदि के विषय में जानकारी देने के लिए उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच गोरखपुर द्वारा पडरौना गन्ना समिति परिक्षेत्र के ग्राम चैती खास में वसंत कालीन गन्ना गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गन्ना संस्थान के गन्ना कृषि वैज्ञानिक ओम प्रकाश गुप्ता ने किसानों को फोटोग्राफ दिखाकर बताया कि बसंत काल में गन्ने की अधिक उपज एवं अधिक चीनी देने वाली प्रजाति को. 0118, को. लख. 14201, को. शा. 18231, को. 15023 आदि की बुवाई ट्रेन्च विधि से बोएं। जनवरी- फरवरी में गन्ने के साथ प्याज, भिंडी, मूंग, कद्दू , खीरा अपनी की बुवाई करें और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कृषि यात्रा में जाने हेतु कहा। किसान लक्ष्मण प्रजापति ने बताया एक एकड़ गन्ने में नवंबर के पहले सप्ताह में को. 0118 गन्ना तथा आलू की राजेंद्र



प्रजापति बोया हूं, एक एकड़ में 14 कुंतल आलू का बीज लगा है, 100 दिनों में 100 से 120 कुंतल उपज होगी जो एक लाख से अधिक का होगा। गन्ने के दो लाइनों के बीच दो लाइन आलू बोया हूं। दूसरे किसान पिंटू यादव ने कहा कि मैंने गन्ने में आलू, प्याज, लहसुन बोया हूं। आधा एकड़ में लगभग एक लाख का लहसुन होगा। ढाढ़ा चीनी मिल के गन्ना विकास अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि चीनी मिल को. 0118 ,15023 का बीज गन्ना दे रही है।ढाढ़ा चीनी मिल के अधिशासी निदेशक करन सिंह ने ओम प्रकाश गुप्ता को बताया कि ऑटोमेटिक केन प्लांटर से गन्ने की बुवाई करा रहे हैं। गन्ना काटने, छीलने तथा लादने वाला यंत्र का प्रदर्शन कराया जा रहा है। बीज गन्ना दिया जा रहा है।

गन्ना किसान संस्थान पिपराइच द्वारा इस क्षेत्र के ग्राम कोठिलवा, डुमरी, धौरहरा, पड़री, त्रिलोकपुर, खड़साल, शाहपुर, खिरकिया, सोनवल आदि गांव में गोष्ठी का आयोजन कराया गया है। मौके पर जाकर ओम प्रकाश गुप्ता ने किसानों के साथ गन्ने व आलू की सह फसली खेती देखी।

## संक्षिप्त डायरी

### अहिरौली राजा के ग्रामीण विधायक प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन



संवाददाता

**कुशीनगर।** कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र के अहिरौली राजा के ग्राम प्रधान अजय जायसवाल के नेतृत्व में ग्रामीणो ने विधायक पीएन पाठक के जनसंपर्क कार्यालय पर पहुंचे और उनके अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि रूद्र प्रकाश सिंह को एक मांग पत्र सौंपा और कारवाई की मांग किया। प्रतिनिधि ने कारवाई की भरोसा दिलाया। गांव के एक टोला आज तक विधुत सप्लाई से बचित होने का मांग पत्र सौंपा और गांव में नाली निर्माण कार्य और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कहा गया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि रूद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि पूरे विधान सभा क्षेत्र के कोई ऐसा गांव नहीं बाकी रहेगा विद्युतीकरण योजना से हर ग्राम सभाओं को सड़कों और विद्युतीकरण से जोड़ा जाएगा और कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र को पूरे प्रदेश में एक अलग पहचान बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान डिम्पल पांडेय, पिंटू तिवारी, राजेश जायसवाल, अमित मदेशिया, अनिल जयसवाल, योगेश जयसवाल, अन्नू जयसवाल, संदीप जयसवाल मौजूद रहे।

### दमदार पैरवी की दम पर कत्ल के तीन गुनाहगारों को उम्रकैद की सजा के साथ ही हुआ पन्द्रह हजार रुपये का जुमार्ना

संवाददाता

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के ग्राम पतारा में करीब सात साल पहले यानि पन्द्रह- सोलह अगस्त 2017 को घनश्याम नामक साधू के कत्ल की वारदात को अंजाम देने के जुर्म में अभियुक्त प्यारेलाल प्रजापति पुत्र अर्जुन निवासी लालथोक थाना अतर्रा जिला बांदा, जबकि रामकिशोर प्रजापति पुत्र दशरथ प्रजापति निवासी माधवगंज थाना आजमगढ़ जिला पन्ना म०प्र० सहित सुन्दरलाल कुशवाहा उर्फ सदगुरुदेव पुत्र रामप्रसाद निवासी बांक थाना सुमेरपुर को मिली उम्रकैद की सजा, साथ ही पांच-पांच हजार रुपये का हुआ जुमार्ना।



एडीजीसी: मणिकर्ण शुक्ल

घटना के मुताबिक सुमेरपुर निवासी जितेन्द्र कुमार ने 17 अगस्त 2017 को सुमेरपुर थाने में तहरीर देकर बताया था कि उसकी अपने पतारा कुरारा निवासी पिता की पन्द्रह अगस्त 2017 को फोन पर बात हुई थी, फोन पर पिता ने बताया था कि वो 16 अगस्त को सुमेरपुर स्थित उसके घर में उसके पास आयेगा, लेकिन 16 अगस्त को पिता उसके घर नहीं पहुंचे, बल्कि जब उसने पिता को फोन किया, तो उनका फोन भी बंद आ रहा था, जिसके बाद 17 अगस्त 2017 को 12 बजे पिता की लाश पतारा गाँव के ही सुन्दर लाल कुशवाहा के मकान के बगल में बनी बारी में पड़ी होने की जानकारी मिली थी, पिता की लाश को देखने पर उनकी गर्दन पर चोट का निशान नजर आ रहा था, जिसे देखने के बाद मृतक के पुत्र ने पुलिस को दी तहरीर में अपने पिता की सुन्दरलाल कुशवाहा और उसके साथियों पर हत्या किये जाने का आरोप लगाया था, जिसके बाद सुमेरपुर थाने में अ०सं०-329/2017 धाराझ302/34 के तहत तीनों अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, जबकि आपरेशन कन्विकशन के तहत एक जनवरी 2025 को हमीरपुर की डकैती अदालत के स्कालर जज अनिल कुमार खरवार ने प्यारेलाल प्रजापति, रामकिशोर प्रजापति, सुन्दरलाल कुशवाहा सहित तीनों अभियुक्तों को गुनाहगार मानते हुये उम्रकैद की सजा के साथ ही पांच-पांच हजार रुपये का जुमार्ना सुनाया। जबकि इस मामले की जांच सुमेरपुर थाने के तत्कालीन इंस्पैक्टर महेन्द्र कुमार वर्मा ने पूरी करने के बाद अदालत में तीनों अभियुक्तों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी, वहीं इस मामले की अदालत में दमदार पैरवी करते हुये अपर जिला सहायक मणिकर्ण शुक्ला ने अपनी दलीलों से बचाव पक्ष के वकीलों की हवा निकाल दी, जिसके बाद हमीरपुर की डकैती अदालत के स्कालर जज अनिल कुमार खरवार ने तीनों अभियुक्तों को गुनाहगार मानते हुये उम्रकैद की सजा के साथ ही पांच-पांच हजार रुपये का जुमार्ना भी किया गया।

### यसुदास का जन्मदिन:चांद जैसे मुखड़े पर बिंदिया सितारा



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** नगर क्षेत्र के पंडित दीनदयाल उपाध्यायनगर स्थित डीडी मंत्रा नृत्य संगीत विद्यालय परिसर में सुप्रसिद्ध गायक यसुदास का जन्मदिन समारोह धूमधाम से मनाया गया। यसुदास के चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी।



शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई। यसुदास के गीतों को कला साधकों ने गाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। हर्षित ने 'गोरी तेरा गांव बड़ा प्यारा मैं तो गया मारा आ के यहा रे....' जिसकी सभी ने सराहना की। कृष्णा ने चांद जैसे मुखड़े पर बिंदिया सितारा, सोनू ने 'मधुबन खुशबू देता है सागर सावन देता है', अभिषेक चौधरी ने 'जब दीप जले आना जब शाम ढले जाना, काश्वी ने 'तोरी मंद मंद मुस्कनिया' भजन गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अतिथि पूर्व प्रवक्ता सुरेश गुप्ता ने कहा कि यसुदास ने तमाम सुपरहिट गीत गाए उनके गीत हमेशा सुने जाएंगे। संस्था के निदेशक कृष्णानंद त्रिपाठी ने कहा कि यसुदास के गीत मधुर सहज सरस है। इन्होंने हर प्रकार का गीत गाए हैं। उनके योगदान को देखते हुए पदमश्री, पद्मभूषण पद्म विभूषण आदि पुरस्कार से सरकार ने सम्मानित किया। इस मौके पर नाल पर रुदल, शमशेर, संस्था के छात्र नरेंद्र शर्मा, गीता वर्मा, काशवी, नीतू कृष्णा, अभिषेक, राजा आदि उपस्थित रहे।

# आलोक मेहता के ठिकानों पर ई.डी की रेड

## सहकारिता बैंक से 100 करोड़ का घपला, जानें क्या है पूर्व मंत्री और बैंक-कोल्ड स्टोरेज का रिलेशन







**हाजीपुर।** आर.जे.डी के सीनियर लीडर और विधायक आलोक मेहता के ठिकानों पर शुक्रवार की सुबह ई.डी की रेड पड़ी। इसमें से वैशाली में तीन जगहों पर आलोक मेहता के घर, कोल्ड स्टोरेज और सहकारिता बैंक पर छापा पड़ा है। आलोक मेहता का इस बैंक और कोल्ड स्टोरेज से क्या रिलेशन है, क्यो बैंक पर छापा पड़ा....इसकी पूरी डिटेलिंग यहां पढ़िए। वैशाली के शहरी विकास कोऑपरेटिव बैंक में करीब 100 करोड़ रुपए का घोटाला सामने आया है। इस घोटाले में हजारों निवेशकों की जमापूंजी फर्जी लोन के सहारे गबन कर ली गई। इस मामले में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और राजद नेता आलोक मेहता का नाम सामने आया है। 35 साल से बैंक कारोबार कर रहे इस बैंक पर जून 2023 में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने वित्तीय लेन-देन पर रोक लगाई थी। शुरूआती जांच में 5 करोड़ रुपए के गबन की बात सामने आई थी, लेकिन विस्तृत जांच में यह रकम 100 करोड़ तक पहुंच गई। फर्जी पहचान पत्रों के सहारे 30 करोड़ रुपए निकाले खुलासा ये भी हुआ कि बैंक ने फर्जी एल.आई.सी बॉन्ड और लोगों के फर्जी पहचान पत्रों के सहारे 30 करोड़ रुपए से अधिक की रकम भी निकाल ली थी। इस घोटाले में पूर्व मंत्री आलोक मेहता और उनके परिवार की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही थी। घोटाले का छींटा बिहार सरकार में पूर्व भू स्वामित्व मंत्री आलोक मेहता पर जा रहा था। इस कोऑपरेटिव बैंक और फर्जी लोन की निकासी करने वाले दोनों कंपनियों से मंत्री परिवार का सीधा-सीधा कनेक्शन सामने आया है जिन कंपनियों ने फर्जी लोन लिया, उसका आलोक मेहता से संबंध आलोक मेहता 1995 से 2012 तक बैंक के चेयरमैन रहे। आरोप है कि घोटाले की नींव उनके चेयरमैन रहते हुए ही रखी गई थी। बैंक का प्रबंधन उनके परिवार के पास ही रहा और जिन कंपनियों ने फर्जी लोन लिया, उनका भी सीधा संबंध मंत्री के परिवार से बताया जा रहा हैखाताधारकों का आक्रोश बैंक घोटाले के शिकार लोग अपनी जिंदगी भर की जमापूंजी गंवाने के बाद आक्रोशित हैं। खाताधारकों ने मंत्री के भतीजे और बैंक के वर्तमान चेयरमैन संजीत मेहता को घेरा है। संजीत ने घोटाले का ठीकरा सीधे पूर्व मंत्री आलोक मेहता पर फोड़ा है। घोटाले के संबंध में हाजीपुर नगर थाने में दो अलग-अलग FIR दर्ज की गई हैं। बैंक के सीईओ और मैनेजर फरार हैं।

### कोल्ड स्टोरेज ने 60 करोड़ का लोन लिया था

**दो कंपनियों, लिच्छवि कोल्ड स्टोरेज प्राइवेट लिमिटेड और महुआ कोऑपरेटिव कोल्ड स्टोरेज ने बैंक से फर्जी कागजात के आधार पर करीब 60 करोड़ रुपए का लोन लिया था। फर्जी कागजातों के सहारे किसानों के नाम पर दी गई करोड़ों के इस लोन में बैंक ने भी नियम कायदों को ताक पर रख लोन जारी किया था।**

### जिन कंपनियों ने फर्जी लोन लिया, उसका आलोक मेहता से संबंध

**आलोक मेहता 1995 से 2012 तक बैंक के चेयरमैन रहे। आरोप है कि घोटाले की नींव उनके चेयरमैन रहते हुए ही रखी गई थी। बैंक का प्रबंधन उनके परिवार के पास ही रहा और जिन कंपनियों ने फर्जी लोन लिया, उनका भी सीधा संबंध मंत्री के परिवार से बताया जा रहा है।**

## औरंगाबाद में खड़ी पिकअप वाहन में लगी आग



**औरंगाबाद।** शहर के पठान डोली इलाके में बीती रात एक खड़ी पिकअप वाहन में अचानक आग लग गई। स्थानीय लोगों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डायल 112 और नगर थाना को सूचना दी। घटना के तुरंत बाद, अग्निशमन विभाग का वाहन मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाया। आग की वजह से पिकअप का इंजन और अन्य सामान पूरी तरह जलकर राख हो गए। गाड़ी का अगला हिस्सा भी पूरी तरह से जल चुका था। स्थानीय ग्रामीणों ने आग बुझाने के प्रयास में मदद की, और दमकल विभाग की टीम ने केवल 10 मिनट के भीतर आग पर काबू पा लिया। घटना के बारे में जानकारी देते हुए, स्थानीय लोगों ने बताया कि वाहन चालक रात में गाड़ी को घर के बाहर खड़ा कर सोने चला गया था। मध्य रात्रि करीब 12 बजे के आसपास जलने की बदबू आई, जिसके बाद लोग बाहर निकलकर देखे तो पता चला कि पिकअप वाहन में आग लगी हुई है। इसके बाद, लोगों ने पुलिस को सूचना दी और मोटर पंप एवं बाल्टी के माध्यम से आग बुझाने की कोशिश की। नगर थाना अध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आगलगी की घटना के बारे में 12 बजे के आसपास जानकारी मिली थी। पीड़ित परिवार से आवेदन प्राप्त होने के बाद पुलिस मामले की जांच करेगी। प्रारंभिक तौर पर, आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट होने की आशंका जताई जा रही है। घटना से वाहन के मालिक को भारी नुकसान हुआ है

## 40 लड़कों ने मारा मरने से पहले घायल का बयान



**औरंगाबाद।** गुरुवार शाम को हुई मारपीट की घटना के बाद घटनास्थल से मारकर भगाए गए लड़कों ने गांव आकर प्रिंस के परिजन और गांव के लोगों को इसकी जानकारी दी। जब तक लोग घटनास्थल पर पहुंचते, आरोपी बदमाश प्रिंस को लहूलुहान कर भाग चुके थे। तत्काल प्रिंस को उठाकर सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उसे मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। यहां इलाज के दौरान शुक्रवार सुबह प्रिंस ने दम तोड़ दिया। हालांकि, मौत से पहले उसने सदर अस्पताल में घटना की पूरी जानकारी दी। साथ ही आरोपियों में से कुछ के नाम भी बताए। मृतक के शरीर पर लाठियों से पिटाई के 100 से अधिक निशान सदर अस्पताल में घायल अवस्था में पड़े प्रिंस के पीठ, शरीर के अन्य हिस्सों पर लाठी से पिटाई के 100 से अधिक निशान मिले। उसके सिर पर भी लाठियों से वार किया गया था, जिसमें सिर फट गया था। सदर अस्पताल में ही डॉक्टरों ने प्रिंस के सिर में करीब 10 टांकि लगाए और फिर उसे बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में जिसने भी प्रिंस का शरीर देखा, वो हैरान रह गया। एक शख्स ने कहा- बाप रे बाप... इंसानियत के नाम पर...। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान प्रिंस ने और क्या बताया? प्रिंस कुमार ने बताया कि हेराडी. मोड पर करीब 40 के संख्या में युवकों ने लाठी-डंडों से मारा, उनमें चार लड़के हेराड़ी गांव के रहने वाले थे, जबकि अन्य लड़के इमामगंज बेल के रहने वाले थे। उसने बताया कि मैं मलवा गांव से फुटबॉल मैच देखकर लौट रहा था, तभी पप्पू और शशि नाम के लड़के ने हमें रोक दिया। बाइक रोकते ही उन्होंने लाठी-डंडों से मेरी पिटाई शुरू कर दी इलाज के दौरान प्रिंस ने बताया कि दो महीने पहले मेरे चाचा के होटल में इमामगंज का एक लड़का शराब के नशे में धुत होकर आया और गाली गलौज करने लगा। इस दौरान हम लोगों ने उसे समझाया था और ज्यादा हंगामा करने के बाद मारपीट कर भगा दिया था। गुरुवार को जिन लड़कों ने मारपीट की, उनमें वो लड़का भी शामिल था। प्रिंस बेल गांव के रहने वाले जगलाल साव का बेटा था। प्रिंस के माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी है।\

वो अपने 4 भाईयों में सबसे छोटा था। परिजन के मुताबिक, प्रिंस की शादी की बात चल रही थी। उसकी पांच बहनें भी हैं। घटना के संबंध में प्रिंस के दोस्तों ने बताया कि गुरुवार दोपहर हम लोग खुदवा थाना क्षेत्र के मालवा गांव में फुटबॉल मैच देखने गए थे। मैच खत्म होने के बाद हम लोग बाइक से शाम करीब 6 बजे घर लौट रहे थे।

इसी दौरान ओबरा थाना क्षेत्र के हेराडी. मोड पर 40 से अधिक की संख्या में लड़कों ने प्रिंस कुमार और हम लोगों को घेर लिया था।

## खरमास के बाद हो सकता है नीतीश कैबिनेट का विस्तार



**पटना।** 15 जनवरी के बाद कभी भी बिहार में नीतीश मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है। 30 जनवरी के पहले यह काम पूरा हो जाएगा। भाजपा के 4 नए चेहरे मंत्रिमंडल में शामिल होंगे। ऐसे में भाजपा के जिन मंत्रियों के पास अधिक विभाग हैं, उन्हें कम किया जाएगा। ये विभाग कैबिनेट में शामिल होने वाले मंत्रियों के बीच बंटेंगे। कैबिनेट विस्तार में पटना, तिरहुत और सारण प्रमंडल के विधायकों को तरजीह देने की तैयारी है। फिलहाल बिहार सरकार में सीएम नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा सहित 30 मंत्री हैं। इसमें दो डिप्टी सीएम सहित 15 मंत्री भाजपा के कोटे से हैं। कैबिनेट में 'हम' से संतोष कुमार सुमन और निर्दलीय विधायक सुमित कुमार सिंह शामिल हैं। विधानसभा की कुल सदस्य संख्या के मुताबिक 36 मंत्री हो सकते हैं। इस हिसाब से मंत्री पद की 6 वैकेंसी है। चेहरे नए पर जाति वही रहेगी मंत्रिमंडल के विस्तार में 3-4 विभागों के मंत्री भी बदलेंगे। जिस जाति के मंत्री हैं, उसी जाति के विधायक या एमए एमएलसी उन्हें रिप्लेस करेंगे। कई ऐसे मंत्री हैं, जिनके पास एक से अधिक विभाग हैं। ये कैबिनेट में शामिल होने नए चेहरों के बीच बटेंगे बिहार में 9 प्रमंडल हैं। इसमें पटना, तिरहुत और सारण प्रमंडल के ही विधायकों के कैबिनेट विस्तार में शामिल होने के आसार हैं। इसकी वजह, इन प्रमंडलों में विधानसभा चुनाव में भाजपा द्वारा जीती गई सीटों की संख्या अधिक है। 2020 के विधानसभा चुनाव में तिरहुत में सबसे अधिक सीटों पर भाजपा की जीत हुई थी। विस्तार में उन प्रमंडलों को भी अहमियत मिलेगी, जहां भाजपा ने कम सीटें जीतीं हैं।4 विधायकों की सदस्यता खत्म कराने को स्पीकर से मिले राजद नेता इधर, बुधवार को 4 विधायकों की सदस्यता खत्म कराने के लिए राजद के नेता विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव से मिले और ज्ञापन सौंपा। राजद के मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने स्पीकर से मोकामा की विधायक नीलम देवी, सूर्यगढ़ा के विधायक प्रह्लाद यादव, शिवहर के विधायक चेतन आनंद और मोहनिया की विधायक संगीता कुमारी की सदस्यता खत्म करने को कहा। उन्होंने कहा कि इन विधायकों ने अपनी मर्जी से पार्टी छोड़ी है। इसकी सूचना पहले भी पार्टी स्पीकर को दे चुकी है। 18 को भाजपा अध्यक्ष भरेंगे पर्चा इस बीच प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का भी चुनाव होना है। सूचना के मुताबिक 18 जनवरी को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल नामांकन करेंगे। उनका निर्वाचन भी तय है।

## सरकारी टीचर की दिनदहाड़े हत्या



**गोपालगंज।** में शुक्रवार को बदमाशों ने एक सरकारी शिक्षक की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान अरविंद कुमार यादव (50) के रूप में की गई है। वह ऊंचकागांव थाना क्षेत्र के श्यामपुर झिरवा टोला गांव के निवासी थे। जानकारी के अनुसार सुबह में अरविंद कुमार अपनी बाइक से प्राथमिक विद्यालय जा रहे थे। 5 गोलियां लगने से मौत इस दौरान घर से कुछ दूर जाने पर बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और छह राउंड फायरिंग की। इसमें पांच गोलियां उनको लग गई। मृतक की पत्नी पूर्व में झिरवा पंचायत की मुखिया रह चुकी है। उनका बड़ा बेटा विश्वजीत यादव वर्तमान में ऊंचकागांव का प्रखंड प्रमुख है।घटना के बाद विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि सदर अस्पताल पहुंच रहे है और पुलिस प्रशासन के खिलाफ विरोध जता रहे है। हथुआ एसडीपीओ आनंद मोहन गुप्ता ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। फिलहाल शव का पोस्टमॉर्टम कराने के लिए भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त डायरी

### चचरी पुल से नदी में गिरे मिल मालिक, मौत



**सीतामढ़ी।** के मधुबन बाजार में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। चूड़ा मिल के मालिक नागेश्वर राय(48) की नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना बीती रात 10-11 बजे के बीच की है। नागेश्वर राय हर दिन की तरह अपनी मिल से घर लौट रहे थे। मकर संक्रांति के कारण मिल में चूड़ा कुटने वालों की अधिक भीड़ थी। इससे उन्हें देर हो गई। वह चचरी पुल से गुजर रहे थे, तभी उनका पैर फिसल गया और वह नदी में गिर गए। जब वह देर रात तक घर नहीं पहुंचे, तो परिजन उनकी तलाश में निकले। सुबह ग्रामीणों को नदी में उनका शव तैरता हुआ मिला। मृतक संरवाड़ा वार्ड नंबर एक के रहने वाले थे और सकलदेव राय के बेटे थे। बाजपट्टी थाना पुलिस को सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। सामान्य दिनों में नागेश्वर शाम 7-8 बजे तक घर लौट जाते थे, लेकिन त्योहार की भीड़ के कारण उन्हें देर हो गई, जो उनके लिए जानलेवा साबित हुई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### बिजली की तार से फूस के घर में लगी आग

**मुजफ्फरपुर।** के औराई में गुरुवार की देर रात फूस के घर में अचानक बिजली की तार से आग लग गई। लोगों ने फूस के ठाट में तार घुसाकर कनेक्शन ले रखा था। तार में शॉट लगने की वजह से घर में आग लग गई। इस हादसे में दो घर पूरी तरह जल गए। इस घटना में दो बाइक जल कर राख हो गई। इसके अलावा चार बकरी, एक मवेशी जलकर मर गए। एक परिवार के दो लोग बुरी तरह झुलस गए। घटना से परिवार में मातम पसरा हुआ है। घटना औराई थाना क्षेत्र की रामपुर पंचायत के वार्ड नंबर-13 की है। हादसे के दौरान सभी लोग घर में सो रहे थे। तभी आग का शोला अचानक उठा, जब गर्मी महसूस हुई तो देखा कि घर जल रहा है। 2 लोग बुरी तरह झुलसे आनन-फानन में सभी लोग घर से बाहर निकले। इसमें दो लोग बुरी तरह झुलस गए, जिसमें से एक राम इकबाल राय को एसकेएमसीएच में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। वहीं, सारी संपत्ति जलकर राख हो गई।कुछ भी बचाया नहीं जा सका। शोर सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हुए और आग पर काबू पाया। जब तक सब कुछ जल चुका था। बताया जाता है कि आग पहले संजय राय के घर में लगी। फिर धीरे-धीरे फैलने लगी। आग फैलती हुई पड़ोस के घर में लग गई। हालांकि स्थानीय लोगों की तत्परता और फायर ब्रिगेड की टीम के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। इस हादसे में 5 लाख की संपत्ति जलने का अनुमान लगाया गया है। हादसे की शिकार प्रियंका देवी ने बताया कि देर रात करंट से आग लग गई। जब उठी तो देखा कि सब जल रहा है। बकरी का बच्चा, भैंस, सब जल रहे हैं। ससुर को भी आग ने लपेटे में ले लिया। ससुर अस्पताल में भर्ती हैं।

### पति और अपने बच्चे को घर से निकाला



**मुजफ्फरपुर।** में पत्नी ने अपने बच्चे और पति को घर से बाहर निकाला दिया। पति ने कहा जब घर आते हैं तो पत्नी का दोस्त जान से मारने की धमकी देने लगा और गोली फायरिंग कर दी। कई दिनों से होटल में रह रहा हूं। पति ने अब अपनी पत्नी और उसके दोस्त के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है और इंसाफ की गुहार लगा रहा है। दअरसल, ब्रह्मपुरा के लक्ष्मी चौक झिटकहियां निवासी मनोज कुमार ने अपनी पत्नी स्वाति शर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। ब्रह्मपुरा पुलिस एफआईआर दर्ज कर जांच कर रही है। मनोज ने पुलिस को बताया है कि पत्नी ने मुझे और मरे बच्चे को घर से निकाल दिया है। मैं बैरिया के एक होटल में बच्चे के साथ रह रहा हूं। 27 दिसंबर को बेटे का जन्मदिन था। तब दोस्तों के साथ बच्चे का जन्मदिन मनाने घर पहुंचा। पत्नी ने घर में नहीं घुसने दिया। तब घर के बाहर ही केक काटकर लौट आया। मामले की जांच की जा रही है इसके बाद पत्नी ने अपने दोस्त को फोन करके बुला लिया। तब तक बच्चे के साथ मैं होटल आ गया था। पत्नी का दोस्त आया तो उसने मोहल्ले में धमकी देते हुए चार राउंड हवाई फायरिंग की। धमकी दी कि अगर मनोज घर पर आता है तो उसे और उसके दोनों बच्चों की हत्या कर देगा। ब्रह्मपुरा थाना प्रभारी ने बताया कि आवेदन के आधार मामले की जांच की जा रही है। आस पास के लोगों से बातचीत घटना पुष्टि की जा रही है। जिसके बाद मामले में आगे कानूनी करवाई की जाएगी।

## लव मैरिज के 10 दिन बाद फंदे से लटका दूल्हा



**मुजफ्फरपुर।** 30 दिसंबर को हम लोगों ने राजी-खुशी से अपनी बेटी की साहिल से शादी करा दी थी। वो मेरे घर पर रहकर दुकान चलाता था। पता नहीं बेटी-दामाद के बीच क्या हुआ कि गुरुवार की रात मेरे दामाद ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ये बातें कहते हुए शाहिद की सास रोने लगती है। बताती हैं कि मैंने उसे बेटा बनाकर रखा था। घटना मुजफ्फरपुर के बहरमपुर इलाके के चांदनी चौक की है। घटना की सूचना के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई। पुलिस ने कहा कि स्पष्ट है कि लड़के ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। फिलहाल, लड़के के परिजन की ओर से आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतक की पहचान सीतमढ़ी जिले के सीपीपट्टी गांव के रहने वाले शाहिद अंसारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शाहिद और लड़की के बीच करीब डेढ़ से दो साल से बातचीत हो रही थी। इसकी जानकारी के बाद लड़की के घर वाले शादी के लिए तैयार हो गए। हालांकि लड़के के घर वाले इस शादी के लिए तैयार नहीं थे और उन्होंने कहा था कि अभी हमें अपने बेटे की शादी नहीं करानी है। इसके बावजूद लड़की की मां ने अपनी बेटी की शादी शाहिद से करा दी। लड़की की मां के मुताबिक, शाहिद चांदनी चौक इलाके में नाश्ते की दुकान चलाता था। इस काम में मेरी बेटी भी उसका सहयोग करती थी।

## केजरीवाल बोले-दिल्ली में यूपी-बिहार के फर्जी वोटर्स



**पटना।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के यूपी-बिहार के वोटर्स पर दिए गए बयान पर सियासत गर्म हो गई है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह समेत NDA के कई नेताओं ने अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। केजरीवाल के बयान पर बीजेपी ने दिल्ली में विरोध मार्च निकाला। दरअसल, अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में मौजूद यूपी-बिहार के वोटर्स को फर्जी बताया था। उनका आरोप था कि बीते 15 दिनों में दिल्ली में 13 हजार नए वोटर्स जोड़े गए और ये सभी यूपी-बिहार के फर्जी वोटर्स हैं। इस दौरान उन्होंने बिहार-यूपी के लोगों के लिए आपत्तिजनक शब्दों का भी इस्तेमाल किया। इसी बयान के बाद केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने केजरीवाल को धोखेबाज बताया। गिरिराज ने कहा, 'जिन बिहारियों, पूर्वांचल के लोगों ने उन्हें सीएम बनाया, उन्हें वे गाली दे रहे हैं।'वहीं, जदयू सांसद ललन सिंह ने कहा, 'अरविंद केजरीवाल दिल्ली चुनाव हार रहे हैं, इसलिए हताश होकर इस तरह के बयान दे रहे हैं।' केंद्रीय मंत्री और लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा, 'यूपी और बिहार के वोटर्स को फर्जी कहना कहीं से भी सही नहीं हैं। केजरीवाल का ये बयान बेहद निंदनीय है, जो कतई बर्दाश्त करने लायक नहीं है।' 'केजरीवाल धोखेबाज हैं, दिल्ली को धोखा दिया, अन्ना हजारे को धोखा दिया। उनसे क्या ही उम्मीद की जाए। जिन बिहारियों, पूर्वांचल के लोगों ने उन्हें सीएम बनाया, उन्हें वे गाली दे रहे हैं। केजरीवाल ने भरी सभा में कहा था कि बिहार और यूपी के लोग 500 का टिकट कटा कर दिल्ली आते हैं और 5 लाख का इलाज करा कर यहां से भाग जाते हैं, दिल्ली में घुसने नहीं देंगे। मैं कहता हूं कि बिहार और यूपी के लोग अब उनसे विधानसभा चुनाव में इस गाली का बदला लेंगे।' 'ये वही केजरीवाल हैं, जिस थाली में खाते हैं, उसी थाली में छेद करते हैं। ये खुद धोखेबाजी करते हैं, अब दूसरे को गाली दे रहे हैं, बिहारी को गाली दे रहे हैं। यूपी वालों को गाली दे रहे हैं। फर्जी वोटर बता रहे हैं। जिसे वे ये सब बोल रहे हैं, उन बिहार, यूपी और पूर्वांचल के लोगों ने ही केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाया।' 'अरविंद केजरीवाल ने बिहार और यूपी के लोगों को सिर्फ गाली ही नहीं दी है, स्वाभिमान पर भी चोट पहुंचाया है। समय आने पर इसका हिसाब चुकता होगा। ये पूर्वांचल के स्मिता और स्वाभिमान का सवाल है। जिस पूर्वांचल और बिहार के लोगों ने दिल्ली को दिल्ली बनाया, दिल्ली के विकास में योगदान दिया, केजरीवाल को मुख्यमंत्री को बनाने में योगदान दिया, उन्हें वे क्यों गाली दे रहे हैं।' गिरिराज सिंह ने आगे कहा, 'शराब, दवा और शिक्षा घोटाला में जो शामिल हो, वो बेईमान आदमी होता है। जिसने कहा कि यमुना को साफ नहीं करेंगे, तो वोट नहीं मांगेंगे, वो दूसरों को गाली दे रहे हैं।' - 'कल चुनाव आयोग कार्यालय के सामने प्रेस से अरविंद केजरीवाल ने जो कहा, उससे उनकी पोल खुल गई है। वह हताशा में ऐसे बयान दे रहे हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि इस बार वह हार रहे हैं। एक तरफ जब जेपी नड्डा रोहिंग्या का मुद्दा उठाते हैं तो वह (अरविंद केजरीवाल) इससे पूर्वांचल को जोड़ते हैं और दूसरी तरफ बिहार और उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए अपमानजनक बयान देते हैंजदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने अरविंद केजरीवाल से पूछा, 'बिहार-यूपी के लोगों से आपको इतनी नफरत क्यों है? आपको ये नहीं भूलना चाहिए कि दिल्ली आपकी जागीर नहीं है, देश की राजधानी है और सभी देशवासियों की है। बिहार-यूपी के लोगों ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर दिल्ली ही नहीं, दुनियाभर में मुकाम हासिल किया है।

पने जो खुद के लिए शीशमहल बनवाया है, उसमें दिल्ली में रहने वाले बिहार-यूपी के लोगों के टैक्स के पैसे भी लगे हैं।'

भाजपा नेता अजय आलोक बोले- 'केजरीवाल बिहार और यूपी के वोटर्स को दोगला बता रहे हैं। इनकी हिम्मत देखिए। 2020 में बसों में ठूंसकर गाय-भैंसों की तरह कोरोना काल में छोड़ दिया था। अब दोगला भी बता रहे हैं। दिल्ली चुनाव अभी हुए नहीं हैं। आप जरा दिल्ली में यूपी और बिहार के वोटर्स के बीच घूमिए, दोगला जो बताया है, उसका अंजाम देखना।'



# बुरी तरह फ्लॉप रही बेबी जॉन, फिर भी खरीदा करोड़ों का घर

**बॉलीवुड स्टार वरुण धवन और उनकी पत्नी नताशा दलाल मुंबई के प्रमुख जुहू इलाके में अपने नए रियल एस्टेट निवेश की वजह से चर्चा में आ गए हैं। इस जोड़ी ने हाल ही में डीडेकोर ट्वेंटी बिल्डिंग में दो शानदार फ्लैट खरीदे हैं। इसकी कीमत करोड़ों में हैं।**

### छठी और सातवीं मंजिल पर है आलीशान आशियाना

इन दोनों फ्लैट का कार्पेट एरिया 9,730 स्कायर फीट है। अभिनेता के ये फ्लैट बिल्डिंग की छठी और सातवीं मंजिल पर स्थित है। इसमें पांच करोड़ 21 लाख रुपये का स्टाम्प ड्यूटी भी अदा की गई।

### इतनी है अपार्टमेंट की कीमत

वरुण धवन और नताशा दलाल के इस अपार्टमेंट में आठ कार पार्किंग स्पेस भी हैं, जो इस घर की लग्जरी को और भी ज्यादा बढ़ा रहे हैं। इस खरीदारी का प्रति वर्ग फीट मूल्य 89,332 रुपये है। घर की कीमत 86.92 करोड़ रुपये है। जुहू क्षेत्र अपनी शानदार लाइफस्टाइल और फिल्मी हस्तियों के लिए मशहूर है। इस जगह पर कई सितारों के घर मौजूद हैं।

### जुहू में रहते हैं कई सितारे

जुहू और बांद्रा मुंबई के वे प्रमुख इलाके हैं, जहां कई बॉलीवुड सितारे रहते हैं। अमिताभ बच्चन के पास जुहू में प्रतिक्षा और जलसा जैसे शानदार बंगले हैं। इसके अलावा, धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी, अक्षय कुमार, अजय देवगन, काजोल, गोविंदा और संजय लीला भंसाली भी जुहू क्षेत्र में रहते हैं। वहीं, सलमान खान, शाहरुख खान, आमिर खान, सैफ अली खान और करीना कपूर सहित कई सितारे बांद्रा इलाके में रहते हैं।

### इन फिल्मों में दिखेंगे वरुण

वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में वरुण धवन फिल्म बेबी जॉन में कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव के साथ नजर आए थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी। उनकी आगामी फिल्म की बात करें तो वह फिल्म नो एंट्री 2 में नजर आएंगे, जिसमें दिलजीत दोसांझ और अर्जुन कपूर भी होंगे। इसके अलावा, वरुण धवन के पास फिल्म बॉर्डर 2 में भी है। फिल्म में वह सनी देओल, दिलजीत और अहान शेट्टी के साथ स्क्रीन साझा करेंगे।



# राशा से लेकर शनाया तक इस साल डेब्यू करेंगे ये स्टारकिड्स

**इस साल 2025 में कई बॉलीवुड स्टार किड्स बड़े पर्दे पर डेब्यू करने जा रहे हैं। आइए आपको बताते हैं इन स्टार किड्स के एजुकेशन के बारे में...**

### राशा थडानी

बॉलीवुड की दुनिया में आजाद फिल्म से डेब्यू करने जा रही राशा ने धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल से पढ़ाई की है। इसके बाद उन्होंने साल 2021 में इंटरनेशनल जनरल सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंड्री एजुकेशन की पढ़ाई साल 2021 में पूरी की है। वे अब फिल्मी दुनिया में कदम रखने जा रही हैं।

### इब्राहिम अली खान



सारा अली खान के भाई इब्राहिम अली खान सरजमीं से डेब्यू करेंगे। इब्राहिम ने धीरूभाई अंबानी स्कूल से पढ़ाई की। इसके बाद न्यूयॉर्क फिल्म अकादमी से ग्रेजुएशन कर फिल्म मेकिंग में डिग्री ली।

### अमान देवगन



अजय देवगन के भांजे अमान देवगन भी राशा के साथ फिल्म आजाद से डेब्यू करने जा रहे हैं। अमान ने मुंबई के स्कूल से पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने नेब्रास्का विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान में स्नातकोत्तर तथा मिशिगन विश्वविद्यालय के रॉस स्कूल ऑफ बिजनेस से एमबीए की डिग्री ली।

### सिमर भाटिया



अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया भी डेब्यू करने को तैयार है। सिमर ने मुंबई के स्कूल से स्कूलिंग की। उनकी आगे की पढ़ाई की डिटेल्स अभी मौजूद नहीं है।

### अहान पांडे

अहान पांडे मोहित सूरी की फिल्म से डेब्यू करेंगे। अहान ने मुंबई के ओबेरॉय स्कूल से पढ़ाई की और फिर ग्रेजुएशन किया। वे दो फिल्मों में बतौर सहायक निर्देशक रह चुके हैं।

### शनाया कपूर

शनाया कपूर भी इस साल बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। बॉक्स ऑफिस पर साल 2025 में उनकी फिल्म वृषभा और आंखों की गुस्ताखियां रिलीज होने वाली हैं। एजुकेशन की बात करें तो मुंबई के इकोले मॉडिएल वर्ल्ड स्कूल से पढ़ाई की। उन्होंने एक्टिंग की ट्रेनिंग की है। शनाया वर्तमान में लंदन के इस विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र में कला स्नातक की पढ़ाई कर रही हैं। शनाया अपनी पहली फिल्म में लक्ष्य लालवानी और गुरफतेह पीरजादा के साथ काम करने वाली हैं।

### वीर पहाड़िया

स्काई फोर्स से डेब्यू कर रहे वीर पहाड़िया ने भी धीरूभाई अंबानी के स्कूल से पढ़ाई की है। इसके बाद बॉस्टन के कॉलेज से ग्रेजुएशन की डिग्री भी ले चुके हैं। उन्होंने ग्लोबल बिजनेस मैनेजमेंट में बी.ए. की पढ़ाई की है।





# मलयालम फिल्म इंडस्ट्री को लेकर बोलीं एक्ट्रेस पार्वती

**अभिनेत्री पार्वती थिरुवोथु वायनाड लिटरेचर फेस्टिवल में अतिथियों में से एक थीं, लेखिका अरुंधति रॉय के साथ बातचीत में उन्होंने बताया कि आज के युवा मलयालम अभिनेता पुरानी पीढ़ी से बदतर हैं। उन्होंने कहा कि लड़ाई झगड़े और हिंसा करने वाले पुरुषों का गुणगान करने वाले सितारों के लिए फिल्में अभी भी बन रही हैं।**

### नई पीढ़ी को लेकर की बात

जब पार्वती से पूछा कि वर्तमान पीढ़ी में महिलाओं का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में लोगों का तरीका थोड़ा परेशान करने वाला है। पहले के लोग कुछ अन्य चीजों से परेशान थे, आज के लोगों की समस्याएं दूसरी हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि उनके आसपास क्या हो रहा है। इंडस्ट्री में कुछ लोग निराश हैं क्योंकि उन्हें वे लाभ नहीं मिल रहे हैं जो पुरानी पीढ़ी को मिल रहे थे।

### इसलिए चर्चा में रहती हैं पार्वती

पार्वती थिरुवोथु को उनके खुलकर बोलने की बात करने की आदत के कारण जाना जाता है। उन्होंने कहा कि मलयालम इंडस्ट्री में बहुत सारे बदलाव आए हैं। यहां बड़ी बजट की फिल्में बनने लगी हैं, इसके बाद भी वही मुद्दे फिल्मों में दिखाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, पहले मुझे चिंता होती थी कि मुझे फिर से इन लोगों के साथ काम करना पड़ेगा। लेकिन अब ऐसे विचार मुझे परेशान नहीं करते। पार्वती ने कहा कि उन्हें इंडस्ट्री में बाथरूम पार्वती का नाम मिला क्योंकि उन्होंने सेट पर महिलाओं को लिए सही शौचालय व्यवस्था को लेकर बात की थी। इससे पहले पार्वती को मलयालम फिल्म हर में देखा गया, इसका निर्देशन लिजिन जोस ने किया था।



# पब्लिसिटी के लिए बॉडीगार्ड से हंगामा करवाते हैं एक्टर्स

**बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद मुखर होकर बोलने के लिए जाने जाते हैं। वह राजनीतिक मुद्दों पर भी अपने विचार खुलकर रखते हैं। वह सोशल मीडिया पर भी खूब सक्रिय रहते हैं। अभिनेता इन दिनों अपनी आगामी फिल्म फतेह को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। सोनू सूद फिल्म का खूब प्रमोशन कर रहे हैं। साथ ही इंडस्ट्री की कई छुपी बातों का खुलासा भी कर रहे हैं। अब हाल ही में, अभिनेता ने बताया है कि कुछ अभिनेता लोगों का अटेंशन लेने के लिए अपने बॉडीगार्ड से हंगामा करवाते हैं।**

### पब्लिसिटी के लिए कलाकार करते हैं ये काम

हाल ही में जिस्ट के साथ एक साक्षात्कार में, सोनू सूद ने बॉलीवुड कलाकारों पर कटाक्ष किया है और कहा है कि कुछ लोग कैमरे के पीछे भी काफी अच्छी एक्टिंग करते हैं। अभिनेता ने कहा, मुझे लगता है कि बॉलीवुड के लोगों के सिर्फ कैमरे के आगे की एक्टिंग करनी चाहिए। जैसे ही कैमरा बंद हो जाए, उन्हें एक्टिंग करनी भी बंद कर देनी चाहिए। हालांकि, कुछ लोगों से इतना भी नहीं होता है, उनकी पूरा जीवन हर समय एक्टिंग करने में ही निकल जाता है।

### फैंस से बातचीत करना सोनू को है पसंद

अभिनेता ने आगे कहा, कई बार वीडियो वायरल होते हैं कि किसी कलाकार के बॉडीगार्ड ने हंगामा कर कर दिया। कई लोग बॉडीगार्ड साथ लेकर जाते हैं। यहां तक कि मैं भी बड़े इवेंट्स में बॉडीगार्ड साथ लेकर जाता हूं। हालांकि, मैं अपने बॉडीगार्ड से कहता हूं कि मुझे लोगों के बीच में जाने दो क्योंकि मुझे उनसे बातचीत करना पसंद है। कई कलाकार इसका भी पब्लिसिटी के इस्तेमाल करते हैं।

### लोगों की अटेंशन पाने के लिए सोनू रखते थे बॉडीगार्ड

सोनू ने यह भी बताया कि बॉलीवुड में कई लोग बॉडीगार्ड सिर्फ अटेंशन लेने के लिए रखते हैं। अभिनेता ने कहा, उन्होंने कहा, उनमें से कई लोग एयरपोर्ट पर भी अपने बॉडीगार्ड रखते हैं और फिर वे वहां पूरा तमाशा बनाते हैं। एक बार मैंने एक बॉडीगार्ड से बात की और पूछा, तुम तमाशा क्यों बना रहे हो? क्या तुम शांति से नहीं चल सकते? उसने कहा, नहीं सर, हमें ड्रामा करने के निर्देश दिए गए हैं।

### लोग नहीं करेंगे नोटिस

बॉडीगार्ड ने अभिनेता से कहा कि अगर ऐसा नहीं किया तो हम पर चिल्लाया जाएगा। सोनू ने कहा कि इसलिए बहुत से अभिनेता लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए अपने साथियों के साथ ये सब ड्रामा करते हैं क्योंकि उन्हें बस इस बात का डर होता है कि अगर वे बिना ड्रामा के किसी जगह पर जाएंगे तो लोग उन्हें नोटिस नहीं करेंगे।



# गुड बैड अग्ली की रिलीज डेट का एलान, प्रभास की द राजा साब से भिड़ेंगे अजित

अभिनेता अजित कुमार की आगामी फिल्म गुड बैड अग्ली को आधिकारिक तौर पर इसकी रिलीज की तारीख मिल गई है। फिल्म का निर्देशन आदिक रविचंद्रन ने किया है। फिल्म की रिलीज डेट को लेकर कई तरह की आशंकाएं बनी हुई थीं, लेकिन आखिरकार आज निर्माताओं ने गुड बैड अग्ली की रिलीज की तारीख से पर्दा उठा दिया है।

### फिल्म की नई रिलीज डेट

निर्देशक आदिक रविचंद्रन ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया और एलान किया कि यह फिल्म 10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आज सोमवार को एक्स पर शेयर किए गए नए पोस्टर में अजित एक शानदार टू-पीस व्हाइट सूट में एक पिस्तौल पकड़े हुए सोफे पर बैठे हुए नजर आ रहे हैं। पोस्टर के साथ आदिक रविचंद्रन ने एक कैप्शन लिखा, गुड बैड अग्ली 10 अप्रैल को आ रही है।

### प्रभास की फिल्म से कड़ी टक्कर

हालांकि, इस तारीख को फिल्म की रिलीज आसान नहीं होने वाली है, क्योंकि बॉक्स ऑफिस पर इसकी टक्कर सुपरस्टार प्रभास की फिल्म द राजा साब से होगी। 10 अप्रैल 2025 को प्रभास की द राजा साब भी रिलीज हो रही है। प्रभास इस समय सबसे बड़े पैन इंडिया स्टार हैं, जबकि अजीत के तमिलनाडु में बहुत बड़े प्रशंसक हैं, इसलिए यह टकराव देखना बहुत दिलचस्प होगा। अब देखना यह होगा कि कौन सी फिल्म किस पर भारी पड़ती है। गुड बैड अग्ली के बारे में अपडेट साझा करते हुए इससे पहले मैत्री मूवी मेकर्स के निर्माता नवीन यरनेनी ने चेन्नई में पुष्पा 2 के प्री-रिलीज इवेंट में फिल्म की रिलीज के बारे में अपडेट साझा किया। उन्होंने गुड बैड अग्ली के पोस्टपोन का संकेत दिया था। दरअसल, यह फिल्म को पहले पोंगल 2025 के मौके पर रिलीज किया जाना था, क्योंकि अजित की एक और बहुप्रतीक्षित फिल्म विदामुयार्ची की रिलीज को रास्ता दिया गया था, लेकिन अंतिम समय में विदामुयार्ची की रिलीज को भी आगे खिसका दिया गया। ऐसे में अजित की दोनों फिल्मों के हाथ से पोंगल की तारीख निकल गई। हालांकि, अब तक विदामुयार्ची की नई रिलीज पर अपडेट नहीं आया है, लेकिन गुड बैड अग्ली की रिलीज की तारीख ने फैंस को उत्साहित कर दिया है।

इस फिल्म में अजित कुमार, तृषा, प्रसन्ना और सुनील प्रमुख भूमिकाओं में हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, अजित फिल्म में तीन अलग-अलग लुक में होंगे। अजित के तीन किरदार फिल्म के नाम गुड बैड अग्ली को दिखाएंगे। ऐसा कहा जा रहा है कि अजित एक नकारात्मक किरदार भी निभा सकते हैं।

# तलाक के बाद प्यार की तलाश में हैं संजीदा?



टीवी अभिनेत्री संजीदा शेख अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहती हैं। संजीदा ने पहले आमिर अली से शादी की थी, हालांकि अब अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें प्यार पर भरोसा है। एक साक्षात्कार में संजीदा शेख कहा कि आज के वक्त में प्यार ढूंढना कोई मुश्किल काम नहीं है।

संजीदा ने बताया कि आज के समय में कोई ऐसा पार्टनर मिले, जो आपकी आत्मा को शाति दे। अभिनेत्री ने आगे कहा कि मैं उम्मीद करती हूं कि यह एक्पीरियंस सबको मिले। संजीदा ने यह भी कहा कि रिश्ते में धोखा हमेशा ही मिलता है, लेकिन प्यार पर भरोसा करना जरूरी है।

## एक नजर

### नेपाल-भारत वाणिज्य सचिव स्तरीय दो दिवसीय बैठक काठमांडू में शुरू

**काठमांडू :** नेपाल-भारत वाणिज्य सचिव स्तरीय बैठक शुक्रवार से काठमांडू में शुरू हुई है। इस बैठक में दोनों देशों के बीच व्यापार तथा परिवहन संधि की समीक्षा करके आवश्यक फेरबदल करने पर चर्चा की जानी है। आज से शुरू हुई अंतर सरकारी समूह की बैठक में व्यापार तथा परिवहन संधि की समीक्षा करना प्रमुख एजेंडा है। इस बैठक का नेतृत्व भारत के वाणिज्य सचिव सुशील बरथवाल, जबकि नेपाली प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वाणिज्य सचिव गोविंद बहादुर कार्की कर रहे हैं। दोनों तरफ से वाणिज्य के अतिरिक्त अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि भी मौजूद हैं। व्यापार तथा परिवहन संधि के किन प्रावधानों को बदलना है, उसको लेकर दोनों पक्षों के बीच चर्चा की जा रही है। नेपाल के वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता बाबूराम अधिकारी ने बताया कि नेपाल ने भारत की ओर से नेपाली उत्पादों के निर्यात पर लगाई गई रोक को हटाने के लिए मांग की है, जिस पर भारत की तरफ से सकारात्मक रुख दिखाया गया है। नेपाल और भारत के बीच अवैध व्यापार को रोकने के लिए एक नए समझौते पर बैठक के आखिरी दिन शनिवार को हस्ताक्षर करने की भी तैयारी है। इस समझौते के तहत चीन से नेपाल के रास्ते भारत में होने वाले तस्करी को रोकने के लिए कानूनी मान्यता मिल जाएगी।

### आईपी यूनिवर्सिटी के इंटरनेशनल डूअल डिग्री प्रोग्राम में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली :** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय ने पोलैंड के एजीएच यूनिवर्सिटी ऑफ क्राको के साथ इंटर्नेशनल डूअल डिग्री प्रोग्राम के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस प्रोग्राम के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20 जनवरी है। विश्वविद्यालय के शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह डूअल डिग्री मास्टर ऑफ साइंस प्रोग्राम अकादमिक वर्ष 2025-2026 के लिए ऑफर किया जा रहा है। इस प्रोग्राम की खास बात यह है कि छात्रों को केवल जीजीएसआईपीयू की ट्यूशन फीस देनी होगी, बिना किसी अतिरिक्त यूरोपीय ट्यूशन फीस के। इस चार-सेमेस्टर प्रोग्राम में छात्रों को पहले दो सेमेस्टर एजीएच यूनिवर्सिटी में और तीसरा और चौथा सेमेस्टर जीजीएसआईपीयू में पूरा करना होगा। ग्रेजुएट्स जिन्हें किसी भी विषय में कम से कम 60 प्रतिशत अंक हैं और जिन्होंने गणित, सांख्यिकी, अर्थशास्त्र या ऑपरेशनल रिसर्च में कम से कम एक कोर्स किया है, वे इस प्रोग्राम के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।

### बांग्लादेश ने खारिज किया भारतीय मछुआरों पर अत्याचार का आरोप

**ढाका/ कोलकाता :** बांग्लादेश ने काकद्वीप और नामखाना के 95 भारतीय मछुआरों पर कथित अत्याचार के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा लगाए गए इन आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए, बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने इन आरोपों को पूरी तरह से झूठा और गढ़ा हुआ करार दिया। अक्टूबर 2024 में बांग्लादेशी जल सीमा में प्रवेश करने के आरोप में इन मछुआरों और छह मछली पकड़ने वाली नौकाओं को बांग्लादेशी नौसेना ने हिरासत में लिया था। इस दौरान एक मछुआरे ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। शेष 95 मछुआरों को पाटुआखाली जेल में रखा गया, जिन्हें सोमवार को द्विपक्षीय वार्ता के बाद रिहा कर दिया गया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इन मछुआरों से गंगासागर में मुलाकात की। मुलाकात के बाद उन्होंने कहा, मैंने देखा कि कुछ मछुआरे लंगड़ा कर चल रहे थे।

# विकसित भारत के दृष्टिकोण का अभिन्न अंग प्रवासी भारतीय : राष्ट्रपति मुर्मू

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को भुवनेश्वर में कहा कि हमारा देश वर्ष-2047 तक विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है। इस राष्ट्रीय मिशन में विदेश में रहने वाले लोगों सहित प्रत्येक भारतीय की सक्रिय और उत्साही भागीदारी की आवश्यकता है। भारतीय प्रवासी इस दृष्टिकोण का एक अभिन्न अंग हैं। उनकी वैश्विक उपस्थिति उन्हें एक अद्वितीय दृष्टिकोण प्रदान करती है और उनकी उपलब्धियां उन्हें विकसित भारत की प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान देने की स्थिति में रखती हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने शुक्रवार को भुवनेश्वर (ओडिशा) में तीन दिवसीय 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के



समापन सत्र को संबोधित किया और प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय प्रवासी देश के सर्वश्रेष्ठ का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे अपने साथ न केवल इस पवित्र भूमि में अर्जित ज्ञान और कौशल लेकर गए हैं, बल्कि वे सहस्राब्दियों से हमारी सभ्यता की नींव रहे मूल्य और लोकाचार भी लेकर गए हैं। राष्ट्रपति ने सभी प्रवासी भारतीय सम्मान विजेताओं को बधाई दी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, कला या उद्यमिता हर क्षेत्र में भारतीय प्रवासियों ने अपनी छाप छोड़ी है। इसे दुनिया स्वीकार करती है और सम्मान देती है। प्रवासी भारतीयों की सफलता की कहानियां भारत के लिए गर्व की बात है। वे दुनिया भर में लाखों लोगों को उत्कृष्टता को लेकर प्रयास करने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने त्रिनिदाद और टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कंगालू को भी बधाई दी और कहा कि महिलाओं और भारतीय प्रवासियों पर विशेष ध्यान देने के साथ अपने देश का नेतृत्व करने में उनके उत्कृष्ट योगदान ने विश्व मंच पर एक उच्च मानक स्थापित किया है। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि प्रवासी भारतीय दिवस अब एक आयोजन से कहीं अधिक बन गया है। उन्होंने कहा कि यह मंच विचार पाने, सहयोग स्थापित करने और भारत तथा प्रवासी भारतीयों के बीच संबंध मजबूत करने का काम कर रहा है। भारत के वसुधैव कुटुंबकम के शाश्वत दर्शन का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यह दृष्टिकोण हमारी जरूरतों को पूरा करता है और वैश्विक कल्याण में भी योगदान देता है। सामाजिक न्याय और पर्यावरणीय प्रबंधन के साथ आर्थिक प्रगति को संतुलित करने वाला राष्ट्र बनना चाहते हैं। इससे आने वाली पीढ़ियों के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रवासी इस दृष्टिकोण को प्राप्त करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# एआईसीटीई ने तकनीकी और प्रबंधन शिक्षा पर 13 हिंदी पुस्तकों का किया विमोचन

एजेंसी

**नई दिल्ली :** विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के सदस्य सचिव प्रो. राजीव कुमार ने हिन्दी भाषा में लिखी गई 13 पुस्तकों का विमोचन किया। यह पुस्तकें तकनीकी और प्रबंधन विषयों पर पांडुलिपियों के प्रकाशन के लिए वित्तीय सहायता योजना के तहत प्रकाशित हुई हैं। इस मौके पर प्रो. राजीव कुमार ने तकनीकी और प्रबंधन शिक्षा को हिंदी भाषी पाठकों के लिए और अधिक सुलभ बनाने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने इन विषयों पर हिंदी में पुस्तकें प्रकाशित करने की पहल की सराहना की और इसे समावेशी शिक्षा में एक मील का पत्थर




बताया। उन्होंने उच्च शिक्षा में भाषाई समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रो. टीजी सीताराम के प्रयासों की भी प्रशंसा की। प्रो. कुमार ने कहा कि ये पुस्तकें केवल संकाय सदस्यों और छात्रों तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि ये सभी के लिए ज्ञान प्राप्त करने का संसाधन हैं। इन 13 पुस्तकों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण अध्ययन, चित्रकला, कला और भारतीय मूल्यों से प्रेरित नीतियों सहित विविध विषयों को शामिल किया गया है। यह पहल शिक्षा में भारतीय भाषाओं और सांस्कृतिक पहचान को बढ़ावा देने के लिए एआईसीटीई की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कार्यक्रम में लेखकों ने संक्षेप में अपनी पुस्तक का परिचय दिया और इनके प्रकाशन के लिए एआईसीटीई व हरियाणा ग्रंथ अकादमी, पंचकूला के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस पहल को हिंदी भाषी व्यक्तियों को उनकी मूल भाषा में उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षिक संसाधन प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

### उमरांग्सू कोयला खदान हादसाः खनिकों की खोज पांचवें दिन भी जारी

**डिमा हसाओ (असम) :** उमरांग्सू कोयला खदान में फंसे खनिकों की तलाश शुक्रवार को पांचवें दिन में प्रवेश कर गया है, लेकिन अभी तक कुछ भी परिणाम सामने नहीं आया है। राहत एवं बचाव कार्य में जुटी एजेंसियों को अभियान के तीसरे दिन एक खनिक का शव मिलने के बाद कोई सफलता नहीं मिली है। हादसा स्थल पर खनिकों के परिजन आशा भरी निगाहों से बचाव अभियान को देख रहे हैं। पांचवें दिन आज सुबह 7.45 बजे तलाशी अभियान आरंभ किया गया। खदान से पानी निकालने के लिए पंपों की संख्या बढ़ाई गई है। आयर इंडिया के साथ ही कोल इंडिया के पंप से भी खदान से पानी निकाला जा रहा है।

## विदेश मंत्री ने विकसित भारत के निर्माण में नारी शक्ति की भूमिका पर दिया जोर

एजेंसी

**भुवनेश्वर :** अठारहवें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के अंतिम दिन शुक्रवार को आदर्श महिला प्रवासीः महिला नेतृत्व और प्रभाव- नारी शक्ति विषय पर आधारित पूर्ण सत्र का आयोजन हुआ। इस सत्र की अध्यक्षता विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने की। उन्होंने एक विकसित भारत के निर्माण में नारी शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में कौशल को महत्व दिया जाना चाहिए, न कि महिला-पुरुष लिंग भेद को। डॉ. जयशंकर ने कहा कि महिलाओं के पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा को सुनिश्चित करते हुए सामाजिक असमानता को दूर करना और उनकी योग्यता को उचित सम्मान देना सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने बताया कि महिला सशक्तीकरण के प्रति भारत सरकार के महत्वपूर्ण प्रयासों में मातृत्व अवकाश को 26 सप्ताह तक बढ़ाना, मुद्रा योजना के तहत 30 करोड़ महिला उद्यमियों को ऋण, उच्च शिक्षा क्षेत्र में महिलाओं की संख्या में 28% वृद्धि और सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 32 मिलियन बैंक खातों का खुलना शामिल है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 100 मिलियन से अधिक धुआं-मुक्त रसोई और प्रधानमंत्री आवास योजना के 72% लाभार्थी महिलाओं का होना भी उन्होंने रेखांकित किया। उन्होंने महिला सशक्तीकरण के साथ-साथ महिला नेतृत्व के माध्यम से विकास को प्राथमिकता देने की बात कही। डॉ. जयशंकर ने उन आदर्श महिला प्रवासियों की उपलब्धियों की सराहना की, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी स्वतंत्र पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि उनकी उपलब्धियां सभी के लिए प्रेरणादायक हो सकती हैं। जी-20 सम्मेलन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी महिला कौशल विकास को सुनिश्चित करने के लिए इस वैश्विक सम्मेलन को भविष्य में एक मंच के रूप में उपयोग करने का आह्वान किया था।

# अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों व रोहिंग्या के खिलाफ चलेगा अभियान

एजेंसी

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों और रोहिंग्या मुसलमानों पर रोक लगाने की कार्रवाई के आदेश दिए हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई पुलिस विभाग की क्राइम बैठक में मुख्यमंत्री ने उन सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश जारी किए, जहां बांग्लादेशी व रोहिंग्या मुसलमान रह रहे हैं। सीएम सैनी ने कहा कि अपराधिक गतिविधियों में शामिल बदमाशों तथा यहां उनकी मदद करने वालों के विरुद्ध मुहिम चलाकर रीढ़ तोड़ने की जरूरत है। पुलिस को जिन भी संसाधनों की आवश्यकता है, वह सरकार मुहैया करवाएगी। अपराध रोकने में अच्छा काम करने वाले पुलिस कर्मचारियों के लिए पालिसी बनाकर उन्हें सम्मानित करने पर सरकार विचार कर रही है। मुख्यमंत्री ने हरियाणा में डायल 112 सेवा को सक्षम बनाने और रिस्पांस टाइम को कम करने की जरूरत बताया। उन्होंने कहा कि अभी करीब छह मिनट 30 सेकेंड में पुलिस घटनास्थल पर पीड़ित की मदद के लिए पहुंचती है। इस समय को और कम करने की जरूरत है। उन्होंने जानकारी दी कि जिला नूंह में कानून व्यवस्था की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए हरियाणा पुलिस एक बटालियन स्थापित करेगी। नूंह में इसके लिए जमीन आवंटन के लिए डीसी व एसपी को निर्देशित कर दिया गया है, जो जल्द ही अपनी रिपोर्ट सरकार को देंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि पुलिस को आधुनिकीकरण के लिए 300 करोड़ रुपये खर्च करने का वादा किया था। गृह व पुलिस विभाग को इस संबंध में कार्य योजना बनाने के आदेश दिए गए हैं। राज्य सरकार को प्रस्ताव मिलते ही उसे मंजूर कर दिया जाएगा। इस राशि से पुलिस संसाधनों में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि सरकार के पास ऐसी रिपोर्ट है कि कुछ बदमाश विदेश में बैठकर अपराध कर रहे हैं। उनके गुर्गे यहां बैठे हुए हैं। अभियान चलाकर ऐसे अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई होगी। राज्य में तीन नये कानून लागू करने में हो रही देरी पर सीएम ने कहा कि भारत न्याय संहिता के तीनों नये कानून हरियाणा में तय समय सीमा से पहले लागू होंगे।

# लघु उद्योगों की तपस्या से निकला अमृत देश को बनाएगा नंबर वन : प्रकाश चंद्र

एजेंसी

**उदयपुर :** लघु उद्योग भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में लघु उद्योगों का महत्वपूर्ण योगदान होगा। लघु उद्योगों की तपस्या से निकला अमृत भारत को विश्व में नंबर वन बनाएगा। उन्होंने संगठन मंत्र ह्य संगच्छध्वं संवदध्वं, सं वो मनांसि जानताम, देवा भागं यथा पूर्वे, सञ्जानाना उपासते को दोहराते हुए आह्वान किया कि इस लक्ष्य के संधान के लिए लघु उद्योग भारती के हर कार्यकर्ता को दुगुने उत्साह से आगे बढ़ना होगा और हर छोटे से छोटे उद्यम को साथ जोड़कर उनके भी उत्थान में सहभागी बनना होगा। वे शुक्रवार को उदयपुर में




11वें इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर - 2025 के उद्घाटन समारोह को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। दिल्ली पब्लिक स्कूल के मैदान में शुरू हुए इस चार दिवसीय आईआईएफ-2025 उद्योग मेले को उन्होंने उदयपुर के उद्योगों की परस्पर सहकार भावना का मूर्तरूप बताया। उन्होंने कहा कि भारत प्राचीनकाल से ही विश्व की अर्थव्यवस्था में 35 से 40 प्रतिशत योगदान रखता था। मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में भारत के उत्कृष्ट उत्पादों का बोलबाला था। दुनिया भारत से सीखने आती थी। तब सभी एक-दूसरे का हाथ पकड़ कर उसे मजबूत बनाते थे। इस बीच, कुछ ऐसा कालखण्ड आया जब आपसी ईर्ष्या-द्वेष बढ़ा और हमने एक-दूसरे की चिंता छोड़ दी। इसका फायदा बाहरी लुटेरों ने उठाया और लूटते-लूटते वे लोग देश के मालिक बन बैठे। किन्तु, आज हम फिर से खड़े हो रहे हैं। लेकिन, इसे और गतिशील करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बाहरी दखल ने हमारे संस्कारों और शिक्षा पद्धति में भी घुसपैठ की और हमें सामूहिकता से व्यक्तिवादिता की ओर धकेल दिया। आज सभी मैं और मेरा परिवार तक सीमित हो चले हैं। यह भारतीय सनातन संस्कृति का मूल स्वभाव नहीं है। हमारी परम्परा ह्यसर्वे भवन्तु सुखिनःह्न की है। इसी मंत्र को फिर से समाज में स्थापित करते हुए एक-दूसरे को सशक्त करेंगे तो भारत स्वतः ही विश्व में सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र के रूप में स्थापित हो जाएगा। उन्होंने आईआईएफ-2025 से किशोर और युवा पीढ़ी को जोड़कर इस मेले की निरंतरता बनाए रखने का भी आह्वान किया। समारोह में सिंघल फाउंडेशन के अरविंद सिंघल, मिराज ग्रुप के फाउंडर मदन पालीवाल, अनंता हॉस्पिटल के कुल सचिव डॉ. नितिन शर्मा, ईवो के कोफाउंडर सौरभ खेतान, वंडर पेंट्स के मनीष गन्ना, विकास गन्ना, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक हेमेन्द्र श्रीमाली, महानगर संघचालक गोविन्द अग्रवाल आदि गणमान्यजन सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### विद्युत बोर्ड को बनाएंगे ज्यादा दक्ष व व्यावसायिक : सुक्खू



**शिमला :** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड, ऊर्जा विभाग व अन्य उपक्रमों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि विद्युत बोर्ड को और अधिक दक्ष व व्यावसायिक बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार निरंतर कार्य कर रही है। बोर्ड की गतिविधियों को सशक्त बनाने के लिए नवोन्वेषी प्रयास किये जा रहे हैं। बैठक में यह अवगत करवाया गया कि राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा उपभोक्ताओं की केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए अंतिम तिथि 15 फरवरी, 2025 निर्धारित की गई है। मुख्यमंत्री ने सम्पन्न विद्युत उपभोक्ताओं से स्वैच्छिक तौर पर सब्सिडी छोड़ने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने बोर्ड की विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने निमार्णाधीन विद्युत परियोजनाओं की भी विस्तृत जानकारी ली। बैठक में विधायक संजय अवस्थी, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार राम सुभग सिंह, हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड के अध्यक्ष संजय गुप्ता, मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर, मुख्यमंत्री के ओएसडी गोपाल शर्मा और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं पर व्याख्यान का हुआ आयोजन

**जम्मू :** राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में जम्मू विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग ने प्रो. अरविंद जसरोटिया रेक्टर कठुआ परिसर जम्मू विश्वविद्यालय द्वारा स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रो. प्रकाश अंताल, डीन छात्र कल्याण, प्रो. मोनिका चड्ढा अध्यक्ष, परिसर सांस्कृतिक समिति और प्रो. सारिका मन्हास सह अध्यक्ष परिसर सांस्कृतिक समितिद्ध भी अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ उपस्थित थे। प्रो. जसरोटिया ने स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं के बारे में ज्ञानवर्धक जानकारी दी जिसे छात्रों ने उत्साहपूर्वक ग्रहण किया। उन्होंने बहुत ही स्पष्ट रूप से एक महान भारतीय द्रष्टा की शिक्षाओं से सीखने के परिणामों की व्याख्या की जिनके शब्दों में हमारे मन में एक दिव्य चिंगारी जलाने की शक्ति है। उन्होंने प्रत्येक आत्मा संभावित रूप से दिव्य है और इसका लक्ष्य अपने भीतर दिव्यता को प्रकट करना है और अस्तित्व की एकता के विचार पर जोर दिया। कार्यक्रम में कैंपस सांस्कृतिक समिति के सदस्य, शिक्षक, छात्र और जम्मू विश्वविद्यालय के विद्वान शामिल हुए। डीएसडब्ल्यू के कार्यक्रमों की परिकल्पना, योजना और आयोजन प्रो. प्रकाश अंताल डीन स्टूडेंट वेलफेयर, प्रो. मोनिका चड्ढा चेयरपर्सन, कैंपस कल्चरल कमेटी, प्रो. सारिका मन्हास, डॉ. प्रीतम सिंह एसोसिएट डीन एसडब्ल्यूद्ध, डॉ. हरलीन कौर और डॉ. रिपुदमन परिहार असिस्टेंट डीन और सुमित शर्मा नाटक प्रशिक्षक की टीम द्वारा किया जाता है। ध्वनि की देखरेख कुलभूषण ठाकुर और आरिफ पॉल ने की।

### गुजरात में मिला एचएमपीवी का चौथा केस

**अहमदाबाद :** गुजरात राज्य में अहमदाबाद के साउथ बोपल में नौ माह बालक एचएमपीवी पॉजिटिव मिला है। बालक को सर्दी-खांसी और श्वास लेने में तकलीफ के चलते छह जनवरी को निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। संदिग्ध लक्षण को देखते हुए बच्चे की एचएमपीवी जांच कराई गई जिसमें 9 जनवरी को इसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। बच्चे का सैम्पल लेकर स्वास्थ्य विभाग भी जांच कराएगा। राज्य में अभी तक तीन बच्चे और एक वृद्ध समेत चार एचएमपीवी पॉजिटिव मिल चुके हैं। उल्लेखनीय है कि गुजरात में अब तक मिले एचएमपीवी के चार केसों में एक बच्चे को हॉस्पिटल से छुट्टी दी जा चुकी है। डिस्चार्ज बच्चा दो माह का है और उसे छह जनवरी को अहमदाबाद के चांदखेड़ा स्थित निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। दूसरा केस अहमदाबाद के वस्त्रापुर के 80 साल के वृद्ध को एचएमपीवी वायरस का पॉजिटिव पाया गया था, जिसे हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। वहीं तीन दिन पूर्व साबरकांठा जिले की प्रांतिज तहसील के ग्रामीण क्षेत्र के श्रमिक परिवार के 7 वर्षीय बच्चे को सर्दी, बुखार और श्वास लेने में तकलीफ के बाद हिम्मतनगर के बेबीकेयर हॉस्पिटल में दाखिल किया गया था। डॉक्टरों ने बच्चे की एक्सरे रिपोर्ट निकाली, जिसमें न्यूमोनिया के लक्षण पाए गए। बाद में सैम्पल लेकर निजी लेबोरेटरी से जांच कराई। गुरुवार को जांच रिपोर्ट के पॉजिटिव आने पर जिला स्वास्थ्य विभाग ने भी सैम्पल लिए। इन सैम्पलों को गांधीनगर और अहमदाबाद भेजा गया, जहां की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई। बेबीकेयर हॉस्पिटल की मेडिकल ऑफिसर डॉ स्मृति मेहता ने बताया कि बालक आईसीयू के वेंटीलेटर पर है। सरकार की गाइडलाइन के अनुसार उसका इलाज जारी है और स्थिति नाजुक बनी हुई है।

### अयोध्या में राममंदिर प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम का मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ



**अयोध्या :** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के उद्घाटन की पहली वर्षगांठ पर शनिवार से तीन दिवसीय उत्सव शुरू होने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामलला का महाभिषेक कर कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद परिसर स्थित अंगद टीले से पहली बार साधु-संतों एवं समारोह में शामिल होने वालों को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री तकरीबन पांच घंटे तक अयोध्या में ही रहेंगे। भव्य एवं दिव्य मंदिर में रामलला 22 जनवरी 2024 को विराजित हुए थे। उस वर्ष के मुहूर्त के अनुसार इस बार प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव 11 जनवरी को मनाई जानी है। इसे लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 11 से 13 जनवरी तक तीन दिवसीय उत्सव मनाने की घोषणा की है। पहले दिन से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत हो जाएगी। इसमें गीत-संगीत, कला एवं साहित्य जगत की तमाम नामी-गिरामी हस्तियां अपनी प्रस्तुति देंगी। ट्रस्ट की तरफ से मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया गया था। वह सुबह 10 बजे के करीब अयोध्या पहुंच जाएंगे। प्रथम वर्षगांठ के कार्यक्रम को देखते हुए तीन दिन तक सभी तरह के पास को बंद कर दिया है। अधिक से अधिक लोग रामलला का दर्शन कर सकें, इसलिए दूरदर्शन पर लाइव प्रसारण किया जाएगा। प्रथम वर्षगांठ पर मंदिर परिसर को 50 कुंतल से भी अधिक फूलों से संजाया जा रहा है। इसके अलावा 11 नम्बर के वीआईपी गेट को भव्य तरीके से सजाया गया है। अन्य द्वारों पर भी फूलों से सजावट की गई है। वहीं नगर निगम ने कार्यक्रम व महाकुंभ को देखते हुए पेड़ों पर भी झालर लाइट लगाने का निर्देश दिया है। शनिवार से शुरू हो रहे कार्यक्रम को लेकर पुलिस व प्रशासन ने सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। मुख्यमंत्री समेत अन्य मंत्रियों के अलावा कार्यक्रम की भव्यता को देखते हुए रूट डायवर्जन भी किया जाएगा। एसएसपी राजकरण नय्यर ने बताया कि बड़ी संख्या में पुलिस बल को लगाया गया है। महिला पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की जाएगी। प्रवेश द्वारों पर नाके लगा चेकिंग की जाएगी।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9386895799, 9507466535, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902